व्याससूत्र भाषाभाष्यम्

Phuman Ram Pandit

व्याससूत्रभाषाभाष्यम् ॥

श्रीपण्डितताराचन्द्रेण वर्म्मणा निर्मितम् ॥

मुन्शी बालमुकुन्द, ठाकुरदास और दीवानसिंहजी
की सहायता से छपा ॥

बाबू अविनाशीलाल की आज्ञानुसार पण्डित
हरिशङ्कर ने काशीआर्य्ययन्त्रालय कर्णघण्टा में
छापा ॥

जिन महाशयोंको लेनाहो जिला बदाऊं परगने
दातागञ्जमौजे पापर पण्डित ताराचन्द्रशास्त्री
के यहांसे मगालेवें ॥

सन १८८२

श्रीगणेशायनमः ॥

अथ व्याससूत्रभाषाभाष्यमारभ्यते ॥

भाषयाभाष्यतेभाष्यं ताराचंद्रेणवर्मणा ।
लोकानामुपकाराय ब्रह्मसूत्रेषुसुस्फुटम् ॥ १ ॥

उत्थानिका ॥

अपौरुषेय वाक्य वेद है यह उसका सामान्य लक्षण मीमांसक मत से है सो मन्त्र और ब्राह्मण इन दो भागों से द्विविध है मन्त्र भाग त्रिविध है । क्रतुकारक द्वारा द्रव्य देवता का प्रकाशक वाक्य विशेष मन्त्र है यह मन्त्र का सामान्य लक्षण है । और जो गायत्र्यादि छन्दों में रचा पादवान्सो ऋग्वेद है । जैसे अग्निमीले इत्यादि गीति और छन्दों से युक्त साम है जैसे अग्निमीडे इत्यादि प्रायः छन्द और गीति से रहित यजुर्वेद के मन्त्र हैं इषेत्वादि और यजु में सम्बोधन रूप भी मन्त्र हैं । जैसे अग्नि दग्नी न्विहरभो इत्यादि यद्यपि जैमिन्यादिने जे लक्षण तीनों वेदों के विशेष पृथक् २ कहे हैं तथापि शावरभाष्य प्राति शाख्यादिसे प्रकट है कि जे लक्षण मिथो व्यभिचारी हैं तिस से उन तीनों का यह एक लक्षण अव्यभिचारी है कि जिसको अध्यापक कहे कि मैं ऋक् या यजुः या साम को पढ़ाता हूं और अध्येता कहे कि मैं ऋक् या यजुः या साम को पढ़ता हूं ॥

विधायक वाक्य ब्राह्मण है जैसे अग्निहोत्रं जुहुयात्स्वर्ग काम इत्यादि कहीं २ कठिनार्थ मन्त्रों के अर्थ का भी बोधक ब्राह्मण है, सो ब्राह्मण भी त्रिविध है। विधि नामक १ अर्थ वाद नामक २ विध्यर्थ वाद शून्यरूप ३ प्रवृत्ति निवृत्ति का बोधक वाक्य भी ब्राह्मण है । और निन्दास्तव ऐतिह्य आदिसे युक्त भी है, जो कि वेद कर्म सङ्कर्षण ज्ञान इन तीन की चर्चाओं से पूर्ण था सोही कर्मकाण्डियों ने यज्ञ में तीन प्रयोगों की सिद्ध के लिये ऋगादि नामों से विभक्त किया है यज्ञ में होत्र अर्थात् होता नाम ऋत्विज् के योग्य कर्मोपयोगी वेद से विभाग का नामहोत्र प्रयोग और ऋग्वेद है दूसरा भाग आध्वर्यव है जो कि अध्वर्यु नाम ऋत्विज् के कर्मोपयोगी वेद था सो आध्वर्यव और यजुः कहाता है तीसरा औद्गात्र अर्थात् उद्गाता नाम ऋत्विज के कर्मोपयोगी वेद औद्गात्र और साम नाम से कहा है। इसी से इनका नाम वेदत्रयी भी है हम तो कहि छुटे ऋग्यजुः साम का मूलार्थ। ब्रह्मा और यजमान इन दो के कर्मोपयोगी तीनों वेद साधारण हैं। तिस्से इन दोके कर्मों के निमित्त से चौथा और पचमा भाग न किया गया है अग्निहोत्रादि हयमेधान्त यज्ञों में होता अध्वर्यु २ उद्गाता ३ ब्रह्मा जे चार ऋत्विज् और पचमायजमान इन पांच के बिना यज्ञ नहीं हो होता है॥

मैत्रावरुण १ अच्छावाक २ ग्रावस्तुत् ३ होता ४

इन चार का नाम होतृगण है वे तन में इनके गांये हैं उनका वांटमन्वादि के दाय भाग में प्रकट है॥

प्रतिपस्थाता १ नेष्टा २ उन्नेता ३ अध्वर्यु ४

इसका नाम अध्वयुगण है॥

प्रस्तोता १ प्रतिहर्त्ता २ सुब्रह्मण्य ३ उद्गाता ४ यह उद्गातृगण है ॥

ब्राह्मणाच्छंसी १ अग्नीध्र २ पोता ३ ब्रह्मा ४ यह ब्रह्मगण है ॥

और कौषीतकि शाखा में एक सदस्य नाम ऋत्विज् को भी कहिके सत्तरह ऋत्विज् कहे हैं किसी ने यजमान को मिला के सत्तरह पूरे किये हैं और किसी ने उपद्रष्टा नाम एक अन्य कहके अठारह ऋत्विज् कहे हैं और किसी ने यजमान और पत्नी इन दो को मिलाके बीस पूरे किये हैं यह चर्चा कात्यायनादि के श्रौतसूत्रों से है। श्रुति। प्लवा ह्यतेऽदृढ़ायज्ञरूपाअष्टादशोक्तमवरंयेषुकर्म। एतच्छ्रेयोयेभिनन्दन्तिमूढाजरामृत्युंतेपुनरेवापियन्तीति ॥ अर्थ। विनाशी और अनित्य फल के अर्जन में लगे हैं ऋत्विजादि उक्त अठारह इससे सब विनाशी और अनित्य है ॥

गर्भाधान १ पुंसवन २ सीमन्तोन्नयन ३ जातकर्म ४ नाम निरूपण ५ निष्क्रमण ६ अन्नाशन ७ कर्णवेध ८ चौलकर्म ९ उपनयन १० स्नान ११ विवाह १२ अन्त्येष्टि १३ देवयज्ञ १४ पितृयज्ञ १५ भूतयज्ञ १६ नरयज्ञ १७ अतिथियज्ञ १८ वेदव्रतचतुष्टय १९ अष्टका २० पार्वणश्राद्ध २१ श्रावणी २२ आग्रायणी २३ प्रौष्ठपदी २४ चैत्री २५ आश्वयुजी २६।

ये सात पाक यज्ञ कहाते हैं ॥

अग्न्याधान २७ अग्निहोत्र २८ दर्शपौर्णमास २९

आग्रायणेष्टि ३० चातुर्मास्य ३१ निरूढ़पशुबन्ध ३२ सौत्रामणी ३३

ये सात हविर्यज्ञ कहाते हैं चिरस्वर्गार्थ अर्थात् बहुत काल लों स्वर्ग में रहिने के लिये करते हैं ॥

अग्निष्टोमोत्पत्ति ३४ अत्यग्निष्टोम ३५ उक्थ्य ३६ षोडशी ३७ वाजपेय ३८ अतिरात्र ३९ आप्तो-र्याम ४०

ये सात सोमसंस्था हैं ॥

इनको अर्थी समर्थ विद्वान् अपर्युदस्त साधारण मनुष्य कर सक्ते हैं और अश्वमेध विश्वजित् सर्वमेधादि यज्ञों को विशेष मनुष्य कर सक्ते हैं ॥

सब भूतोंपर दया । दाक्षिण्य । क्षान्ति । अनसूया । शौच । अनायास । मङ्गलाचार । अकार्पण्य । अस्पृहं ॥ ये आठ आत्मगुण कहाते हैं ॥

उक्त अर्तालीस संस्कारों से जैमिन्यादि कर्ममीमांसक मुनि मुक्ति मानते हैं विप्रादि की न कि शूद्रादि कि ॥

और दक्षिणाग्नि, गार्हस्पत्याग्नि, आहवनीयाग्नि, इन तीन अग्नि से ही तीनों वेदों के यज्ञादि कर्म होते हैं ॥

और चौथा अथर्ववेद उक्त तीन अग्नियों से रहित और यज्ञों से शून्य है । शान्ति और पुष्टिकर्मार्थ और शत्रु के वधार्थ और साधुओं के सुखार्थ अथर्वाङ्गिरस आदि मुनियों ने रचा है ॥

त्रेताग्निरहितोथर्ववेदोयज्ञविवर्जितः ।

शान्तिपुष्टिकरोदुष्टहरःशिष्टसुखावहः॥

इस आप्तवाक्य से कर्म एक आमुष्मिकफलार्थ हैं । जैसे होमादि । एक ऐहिकफलार्थ हैं । जैसे कारीरी यज्ञादि । एक अनियतफलार्थ हैं । जैसे चित्रेष्ट्यादि ॥

पर मुनियों ने अपनी परिभाषा में इनही कर्मों को वैदिककर्म कहा है परन्तु वेदमंत्रों में कृष्यादि कर्म भी इति कर्त्तव्यता के साथ ही पढे हैं ।

जैसे इन्द्रःसीरपतिरासीदित्यादि । यहां समझना चाहिये कि कृष्यादि कर्मों को साधारण मनुष्य भी कर सके हैं इससे उनका नाम लौकिककर्मधरा है । और लौकिककर्मों के विधायक मन्त्र पारस्करादि के गृह्यों में देखलो कहिछुटे हम तो पूरापूरासफलकर्मकाण्ड का वृत्तान्त वेद में दूसरा सङ्कर्षण नाम काण्ड है संकर्षणकाण्ड उपासनाकाण्ड भक्तिकाण्ड ये एकार्थवाची शब्द हैं। इस काण्ड का प्रयोजन चित्त की एकाग्रता है तिससे मुक्ति मुख्य प्रयोजन है आदित्योमधु इत्यादिश्रुति भी इस में प्रमाण हैं ॥

तीसरा ज्ञानकाण्ड है कि जिसमें सारा वेद समुद्र में नदियों सा घुसा जाता है यही व्यास मत है ॥

ज्ञान से और भक्ति से जो कर्म किया जाता है सोही वीर्यवत्तर होता है इससे ज्ञान और भक्तिकाण्ड ये दोनों कर्मकाण्ड के शेष हैं और केवल कर्मकाण्डही शेषी है यह मत कर्मठों का सिद्धान्त है ॥

कर्मों से मन को शुद्ध कर फिर शुद्ध मन से ईश्वर को

जानके उसकी भक्ति करे ऐसे कर्म और ज्ञान दोनों मध्यकाण्ड के शेष हैं और मध्यकाण्ड शेषी है यह मत शांडिल्यादि भक्ति शास्त्रों का है। प्रथम कर्म की विधि जानके फिर कर्म से विरक्त कर्मी के पास उपासना है उसको करे यह हो सक्ता है और इस में सत्पुरुषों का विश्वास भी है और ज्ञान से भक्ति कही थी सो ठीक नहीं है क्योंकि साकारोपास्य ईश्वर का वेदन भक्ति का शेष होने से। और निराकार असङ्ग उदासीन अकारक पूर्णकाम को जानके कर्त्ता किसी कारण से किसी कर्म को आचरण नहीं करेगा। यदि देह से विलक्षण नित्य उपनिषत् कहता है तदा मीमांसाशास्त्रक अकर्त्ता आदि के कहने से अधिक नहीं कह सकेंगे।

इससे गर्भाधानादि से शुद्ध और उपासना से स्थिर बुद्धि पुरुष को स्वात्मानन्दाद्वय ज्ञानही शेषी है इसी व्यास की व्यवस्था में विघ्न निवृत्ति है। वेद।

नान्यःपन्थाविद्यतेऽयनायेत्यादि संग्रहः श्लोकः।

शेषाभ्यांपूर्वकाण्डाभ्यांशेषकाण्डेनशेषिणा
कर्मोपासनविज्ञानकाण्डैर्वेदास्त्रिकांडिनः

वेदान्तभाग न अर्थवाद न विधि न विधि अर्थवाद से अन्य है अभय और अशोकफल का दाता है अनुष्ठान के विनाही

वेदान्तभागोनोवादोनविधिस्तोभयेतरः।
अभयाशोकफलदोनिरनुष्ठापकत्वतः॥

सारसंग्रहः ॥

एवं चतुर्विधो वेदः सर्वः प्रवचनादिभिः ।
विभिन्नानेकशाखावान् कर्मकांडेषुभेदवान् ॥
ज्ञानकांडे ब्रह्मबोधित्वे करूपतयास्थित :
तस्य सर्वस्य चार्थोवै सूत्रव्यासप्रकाशितः ॥

कर्मकाण्ड के भेद से अनेक शाखा हैं वेद की और ज्ञानकाण्ड में एकही रूप वेद है लौकिक कर्मशास्त्रीय मोक्षशास्त्रीय त्रिविध साक्षि सिद्ध व्यवहार है विधिनिषेध पर ऋगादि कर्मशास्त्र है । उभय शून्यप्रत्यग्ब्रह्म पर मोक्षशास्त्र वेदांतवाक्य हैं ॥

इस बात के निश्चयार्थ एक व्याप्ति कहता हूं कि जो मत वेद में मिथो विरुद्ध नहीं हो और सर्व वेदसंमत हो सोही मत बुद्धिमान् को मान्य ग्राह्य उपास्य है और ऐसा न कर्मकाण्डन कि संकर्षणकाण्ड किन्तु ज्ञानकाण्ड है नित्य निर्विशेष निःसंगादि के बोधन से ॥

वेदाङ्ग चर्चा है कि छन्दः गायत्रादि वेद के पाद हैं १ और कल्प सूत्र हाथ हैं २ ज्योतिष नेत्र है ३ निरुक्त कान है ४ शिक्षा नाक है ५ व्याकरण मुख है ६ उदात्तादिस्वरों का सिखाने के लिये पाणिनि ने पञ्चखण्ड में शिक्षा रची है सो सब वेदों में साधारण है और हर एक शाखा के उदात्तादि पाठ शब्दादि की सिध्यादि के बोधार्थ जे ग्रन्थ रचे हैं उनका नाम प्रातिशाख्य है । मुनियों ने कर्मों के भेदार्थ कल्प सूत्र रचे हैं ॥

आश्वलायन ने ऋग्वेद में हौत्र प्रयोग के लिये कल्प सूत्र रचे हैं मन्त्रार्थ द्योतक हैं ॥

सांख्यायन ने यजुर्वेद में आध्वर्यव के लिये कल्प बौधायन आपस्तंब कात्यायन तुलायन लाट्यायन आदि ने साम के औद्गात्रादि के प्रयोगार्थ कल्प सूत्र रचे हैं उक्त रीति से कल्प सूत्र त्रिविध हैं॥

पाणिनि ने आठ अध्याय में व्याकरणके सूत्र रचे हैं इस पर वार्तिक कात्यायन ने और भाष्य पतञ्जलि ने रचा है॥

यास्कने निरुक्ति तेरह अध्याय में रची है॥

जर्फरी तुर्फरी इत्यादि शब्द मन्त्रों में पढ़े हैं उनके अर्थ के बोधार्थ क्योंकि जिस मन्त्र का अर्थ नहीं जाना है उसके जप या उस से कर्म करने में कुछ भी फल नहीं होता है॥

और निघण्टु पांच अध्याय में रचा है। वेद में जो देवतादि शब्द आये हैं उनके पर्याय के बोधक शब्दों से।

पिङ्गल ने आठ अध्याय में छन्द रचा है जिस में गायत्र्यादि सात छन्दों का निर्णय है॥

भानु ने दर्श पूर्णमासादि काल के बोधार्थ ज्योतिष रचा है जिसके चालीस श्लोक हैं॥

वेद के छः अङ्गो की चर्चा हो चुकी॥

फिर व्यास जी ने उस भूम वृत्तान्त वेद का सार अपनी युक्ति और उक्ति सहित चार अध्याय में निचोड़के धर दिया है उसका नाम वेदान्त शास्त्र है। अध्यायों के नाम। पहिला समन्वायाध्याय, दूसरा अविरोधाध्याय, तीसरा साधनाध्याय, चौथा फलाध्याय है॥

उक्त चार अध्यायों में सोरहे पाद हैं उनका अर्थ संक्षेप

से यह है कि पहिले अध्याय के पहिले पाद में वचनों से ब्रह्म स्पष्ट कहा है इससे स्पष्ट पाद है दूसरा अस्पष्ट पाद है क्योंकि शाण्डिल्योपासना वाक्य में मनोमयादि धर्म जीव और सोपाधिक ब्रह्म के समान कहिने से २ तीसरा ज्ञेय पाद है ज्ञेय ब्रह्महो है दहरादि उपासना के विचार से ३ इस ढब तीन पादों से वाक्यों का विचार पूरा किया है चौथे पाद में अव्यक्त आख्यादि सन्दिग्ध पदों के अर्थ का निर्णय किया है इससे पद चिन्ता पाद है ४ ॥

फिर दूसरे अध्याय के पहिले पाद में वेदान्त के साथ जो सांख्यादि स्मृतियों का विरोध था उसका निवारण किया है इस से स्मृति पाद है और दूसरे पाद में सांख्यादि सब मत दूषित किये हैं २ इस से तर्क पाद है और तीसरे में पांच महाभूतों के कहिनेवाली श्रुतियों में और भोक्ता और जीव के कहिनेवाली श्रुतियों में जो कलह थी सो निवारदी है इस से भूत पाद है और चौथे से लिङ्ग देह की श्रुतियों में भी सुमति करवा दी इस्से लिङ्ग पाद है फिर तीसरे अध्याय के पहिले पाद में जीव के आने जाने के विचार से वैराग्य का वर्णन किया है इससे वैराग्य पाद है दूसरे में त्वं और तत् इन दो पदों के अर्थ का निर्णय किया है इस से तत्वं पदार्थ शोधन पाद है। तीसरे में सगुणविद्या और सगुणोपसंहार किया है और निर्गुणब्रह्म में अपुनरुक्त पदों का उपसंहार किया है। ३ इस से गुणोपसंहार पाद है। चौथे में निर्गुण ज्ञान के लिये संन्यास और यज्ञादि बहिरङ्ग साधन और शमादि अन्तरङ्ग हैं इससे ज्ञानान्तरङ्ग बहिरङ्ग साधन पाद है अर्थात् कर्म शून्य विद्या

पुरुषार्थ का मुख्य साधन है । चौथे अध्याय के पहिले पाद में वेदान्त के श्रवणादि से और सगुण या निर्गुण ब्रह्म की उपासनादि से ब्रह्म का साक्षात्कार होने पर जीवस्थूल देह युक्तही पाप पुण्य के नाश से मुक्त कहा है। इस से जीवन्मुक्त पाद है और दूसरे में म्रियमाण जीव के निकरने का ढब कहा है। इससे उत्क्रान्ति पाद है तीसरे में मृत सगुणवेदी उत्तर मार्ग से जावेगा । इस से ब्रह्मप्राप्ति पाद है। चौथे में सगुण ब्रह्मवेदी को सत्यलोक में ठौर मिलेगी और निर्गुण ब्रह्मवेदी को विदेह कैवल्य होगी। इस से ब्रह्मलोक पाद है यह संक्षेपार्थ है ॥

श्रीगणेशायनमः ॥

जिज्ञासाधिकरण १

जिस में पांच वस्तु हों सो अधिकरण है । विषय वाक्य अर्थात् श्रुति या स्मृति उदाहरण के लिये होवें १ फिर सन्देह होवे २ फिर सङ्गति होवे ३ फिर पूर्व पक्ष होवे ४ फिर सिद्धान्त होवे ॥ ५ ॥

अध्याय का नाम समन्वयाध्याय है। और पाद का नाम स्पष्ट लिङ्ग पाद है ॥

अथातोब्रह्मजिज्ञासा ॥ १ ॥

अथ मङ्गल आरम्भ आनन्तर्य पश्चात् का वाचक है इन में से आनन्तर्यार्थक यहां पर गृहीत है नकि अधिकारार्थ ब्रह्मजिज्ञासा के अनधिकार्यत्व से अतः शब्द हेतु वाचक है। ब्रह्म चित्सत् मोद स्वरूप है। जिज्ञासा। जानने की इच्छा है जैसे पूर्वकाण्ड में अथातोधर्म जिज्ञासा इस सूत्र से अभ्युदय के अर्थ धर्महो जिज्ञास्य कहा है तैसेही उत्तर काण्ड में उक्त सूत्र से ब्रह्महो निःश्रेयस के अर्थ जिज्ञास्य कहा है। और वेदही अग्निहोत्रादि हयमेधांत श्रेयः के साधन यज्ञों के फल को बिनाशी कहिता है। वेद। यथेहकर्मचितोलोकःक्षीयतएवमेवामुत्रपुण्यचितोलोकःक्षीयतइति

और वेदही ब्रह्मज्ञान का अनन्त फल परम पुरुषार्थ को कहिता है। वेद। ब्रह्मविदाप्नोतिपरमित्यादि । फिर कौन सा

बुद्धिमान् प्राप्त बड़ा फल छोड़के थोरे चयी में फंसेगा। इस से ब्रह्मही जानने योग्य है। वेद। तद्विजिज्ञासस्वेत्यादि॥

अथवा जिज्ञासा विचार: कर्त्तव्य:। कर्त्तव्य शब्द सूत्र में डालना चाहिये। और जिज्ञासा शब्द विचार में रूढ़ या लाक्षणिक है यह चिन्ता यहां नहीं की है क्योंकि ग्रन्थ बड़े के डर से। खुलासा साधनचार की सम्पत्ति से भूत ब्रह्म अखण्डार्थ परमेश्वर की जिज्ञासा है जैसे कर्म काण्ड में भव्यधर्म की जिज्ञासा है साधन। नित्य और अनित्य वस्तु का विवेक करना। जैसे सत् मोद अनन्त ब्रह्म नित्य है। और दृश्य जड़ परिच्छिन्न प्रपञ्च अनित्य है इहामुत्रार्थ विराग। इस लोक के भोग राज्य स्त्री आदि सब चयी हैं और परलोक के भी स्वर्ग वैकुण्ठ इन्द्र आदि देवों के लोक में निवास अमृतपानादि सब चयी हैं जैसे लौकिक सब उद्यमों का फल चयी है तैसे वैदिक सब कर्मों का फल चयी है। भावार्थ, परस्त्री वेश्यादि के भोग को सूकरी कूकरी का सा भोग जान छोड़ना और छल बल से पर राज्य धनादि भोग को विष मिले अन्न के वमन सा या सूकर कूकर काक की बिटसा जान छोड़ना और स्वर्ग सुखार्थ पशु वधादि वैदिक कर्म भी उक्त से हैं इसी का नाम इहामुत्र फल भोग विराग है और जोकिसंन्यासादि का उपदेश है सो केवल गृहाश्रम उजार मठ बसाने के लिये है जो वृद्धत्व में संन्यास कहो तो जवानी में मरा नरकही को गया क्योंकि संन्यास विना न ज्ञान और न ज्ञान बिना मुक्ति है। तो सिद्ध हुआ कि बच्चे को ही ईश्वर का ज्ञान सिखावे कर्म उपासना के काल में इसी में उस श्रुति का तात्पर्य है जो ब्रह्म-

चर्यादि से संन्यास को दिखाती है ॥

आत्मा वा अरेद्रष्टव्यः। इस में आत्म दर्शन फल के लिये वेदान्त वाक्यों का ब्रह्म में तात्पर्य के निर्णयानुकूल विचार का विधान है । और विचारविधायक वाक्य विषय हैं और ब्रह्म विचारात्मक शास्त्र आरम्भ है या अनारम्भ है यह सन्देह है फिर विषय और प्रयोजन के अभाव से अनारम्भ है संदिग्ध वस्तु विचारार्ह है और ब्रह्म तो असन्दिग्ध है यदि सन्देह है तदा क्या ब्रह्माकार से या आत्माकार से है ॥

पहिले पक्ष में । सत्यंज्ञानमनन्तं ब्रह्म । इस मन्त्र से ब्रह्माकार का निश्चय है और दूसरे पक्ष में अहं प्रत्यय से आत्माकार का भी निश्चय है । यदि अध्यस्तात्म विषयक अहं प्रत्यय कहो सो नहीं अध्यास के अनिरूपण से तिमिर प्रकाश सा अत्यन्त विरुद्ध स्वभाव चिज्जड़ जीव देह का शुक्ति में रजतसा परस्पर तादात्म्याध्यास निरूपण को शक्य नहीं है तिस से अभ्रान्त श्रुति और अहं प्रत्यय करके निश्चित ब्रह्म संदिग्ध नहीं है तो विचार का विषय भी नहीं है ॥

और हम प्रयोजन भी नहीं देखते हैं। उक्त रीति से ब्रह्मात्मा के निश्चय में मुक्ति देखने से तिस से न ब्रह्म विचारार्ह है और न कि शास्त्र आरम्भ है यह पूर्व पक्ष है। शास्त्र आरम्भ है विषय प्रयोजन के होने से। वेद और अहं प्रत्यय दोनों विप्रतिपन्न हैं तिस से ब्रह्म सन्दिग्ध है अयमात्मा ब्रह्मेति यह वेद असङ्ग ब्रह्म को आत्मा कहिता है अहं मनुष्य ऐसो अहं प्रत्यय देहादि के तादात्म्याध्यास से आत्मा को बताता है और जो तुम ने कहा था कि अध्यास दुर्निरूप्य है सो ही अद्वयवाद में अलङ्कार है तिस से संदिग्ध ब्रह्म

विषय है और ब्रह्म के निश्चय से मुक्तिरूप प्रयोजन भी है ॥ तमेवविदित्वेति तद्वैतत्पश्यन्नृषिर्वामदेवःप्रतिपेदे अहंमनुरभवंसूर्यश्चेत्यादि यह विद्वदनुभव भी प्रयोजन में प्रमाण है इस से प्रयोजन सिद्ध है तिस से वेदान्त वाक्यों के विचार द्वारा ब्रह्म विचारार्ह है। इस से शास्त्र भी आरम्भ्य है यह सिद्धान्त पक्ष है ॥

और विप्रतिपन्नों की विप्रतिपत्तिनिरासार्थ ब्रह्म जिज्ञास्य है जैसे देहमात्र चैतन्य विशिष्ट आत्मा प्राकृत जन और लोकायतिक मानते हैं अन्य इन्द्रियों को चेतन आत्मा मानते हैं अन्य मन आत्मा मानते हैं विज्ञानमात्र क्षणिक आत्मा बौद्ध मानते हैं। शून्य आत्मा शून्यवादी मानते हैं। देहादि से भिन्न कर्त्ता भोक्ता संसारी कोई मानते हैं भोक्ताही है केवल नकि कर्त्ता है ऐसा कोई मानते हैं। इन से भिन्न जड़ बोध रूप कोई मानते हैं सर्वशक्तिमान ईश्वर कोई मानते हैं जीव का और अकर्त्ता साक्षी का ईश्वर आत्म स्वरूप है यह वेदान्त मत है बृहधातु से ब्रह्म पद सिद्ध है ॥

शम १ दम २ तितिक्षा ३ उपरति ४ समाधान ५ श्रद्धा ६ इनका नाम शमादिषट्क है ज्ञान का श्रवण मनन ध्यान शम है बाहिर भीतर की इंद्रियों को निषिद्ध वस्तु से हटाना दम है वेदविहित कर्मों को न करना उपरति है। हिम तप्त आदि जोड़ों का सहना तितिक्षा है। या अज्ञान लोभ मोह काम क्रोधादि से बचना। सुज्ञान द्वारा सब ठौर से मन को थाम के ज्ञान से बर्त्तना ज्ञान का सुनना समाधि है। बुद्धि से निश्चित वस्तु में विश्वास श्रद्धा है। मुक्ति की इच्छा मुमुक्षा है। फिर जिस में उक्त वस्तु हैं वही वेदान्त का

अधिकारी और प्रमाता है ॥

श्रुति । आत्मा वा अरेद्रष्टव्य:श्रोतव्योमन्तव्योनिदिध्यासितव्यस्त्विति । अर्थ । आत्मदर्शनरूप फल के लिये श्रवणादि तीनही कहे हैं न कि संन्यासादि लिङ्ग धारण करना । संन्यास के लिङ्गों से भी सब दु:ख दुर्निवार है। तिस से ब्रह्म जानन योग्य है । सर्वंत:प्रागभूमानंविजानीयात् ब्रह्मज्ञानायविचार: कर्तव्य इतिसूत्रस्यश्रौतोर्थ: संपद्यते इति ॥

—— —— * —— ——

(जन्माद्यधिकरण ॥ २ ॥)

जन्माद्यस्ययत: ॥ २ ॥

जन्म । उत्पत्ति: । आदि । प्रभृति: । अस्य । स्थूल सूक्ष्म प्रपञ्चस्य । यत:कारणात् । भवतितद्ब्रह्मतिसौत्रोर्थं । अन्यसंस्कृतमधिकृत्य विश्वोद्भवादिहेतुर्ब्रह्मेति । भाषा । प्रत्यचादि प्रमाणों से उपस्थित जो प्रपञ्च है तिसका जन्म स्थिति भङ्ग जिस कारण से है वही ब्रह्म है और यास्क मुनि ने भी महाभूतों का लक्षण नहीं कहा है किन्तु ब्रह्मही का कहा है। वाक्य । जायतेऽस्तिवर्द्धतेविपरिणामतेऽपक्षीयतेनश्यतीति । ब्रह्म का निर्णायक वेद । आनन्दाद्धेयवखल्विमानि भू*तानिजायन्तेआनन्देनजातानिजीवन्ति आनन्दंप्रयन्त्यभिसंविशन्तीति। भाषा । मोद रूप ब्रह्म से सब प्राणी जन्मते हैं और उसी से

*प्राणिनोव्योमादयोवा

जाते हैं और मरके सब उसी में घुसेंगे और ऐसीही यजुर्वेद के तैतिरीय शाखा की भी श्रुति है ॥ यतोवाइमानिभूतानि-जायन्तेयेनजातानिजीवन्तियत्*प्रयन्त्यभिसंविशन्तीतितद्विजि-ज्ञासस्वतद्ब्रह्मेति । इन श्रुतियों से व्यास जी ने उक्तसूत्र रचा है । इसका भी अर्थ पहिली श्रुति के तुल्य है ॥

(शास्त्रयोनित्वाधिकरण ॥ ३ ॥)

शास्त्रयोनित्वात् ॥ ३ ॥

शास्त्रस्यऋगादेर्वेदस्ययोनिःकर्त्ता । तस्यभावःशास्त्रयोनि-त्वन्तस्मात्शास्त्रयोनित्वात् । वेदनिर्मातृत्वादित्यर्थः । भाषा । वेद का बनानेवाला ईश्वरही है ॥

अथवा शास्त्रं । वेदः । योनिः । मूलम्प्रमाणंयस्मिन्तस्य-भावःशास्त्रयोनित्वंतस्मात् । वेदमूलप्रमाणसिद्धत्वंतस्माद्ब्रह्मा-स्तिविश्वकारणमितिशेषेणार्थः । भाषा । जो परमेश्वर विश्व का कारण है उस में अशेष विशेष का बोधक वेदही प्रमाण है न कि अनुमानादि कर्तृमात्र के बोधक होने से और दृ-ष्टान्त के लिये लोक में सर्वज्ञादि गुण विशिष्ट न देखने से ॥

ऋग्वेदादि को या वाणी मात्र को ऋग्वेद का मन्त्र नि-त्य बोधन कर्त्ता है । जैसे वाचाविरूपनित्ययेत्यादि । अर्थ । हे विश्वरूप वाणी नित्य है । तिससे तू नित्य वेदवाणी से ही स्तुति को करै यही प्रार्थित है ऋषि को । नित्य वाग्वेद है

---

* यत्प्रियमाणानि ।

और ऋग्यजुः सामादि के पुरुषसूक्तादि मन्त्रों ने कहा है कि ऋगादि का कर्त्ता ईश्वर है। जैसे। अस्यमहतोभूतस्यनिश्वसितमेतदृग्वेदोयजुर्वेदःसामवेद इत्यादि। जैसे निश्वास अप्रयत्न सिद्ध है तैसेही ब्रह्म से ऋगादि अप्रयत्न सिद्ध हैं॥ तस्माद्यज्ञात्सर्वहुत ऋचःसामानि यज्ञिरे इति॥ इस में यज्ञशब्द वाच्य ब्रह्म से ऋगादि का जन्म स्पष्ट कहा है। और नित्यबोधकमन्त्र प्रतिकल्प में एकरूप वेद रहिते हैं या प्रवाहरूप नित्यका बोधक हैं या चिरकालस्थायी वेदों को कहिते हैं जैसे सोमपान है मन्त्र सोमपान से चिरकालस्थायी मुक्ति को जताता है॥ मन्त्र। अपामसोममृता अभूवन्नित्यादि। और कर्म से जन्य स्वर्ग को गौण अक्षयत्व बोधवत् वेद की नित्यता है। जैसे। अक्षय्यंहवैचातुर्मास्ययाजिनंसुकृतंभवतीति। सब विश्व की व्यवस्था के अवभासक वेद का कर्ता ब्रह्म सिद्ध हुआ तिससे सर्वज्ञ भी सिद्ध है। पहिले श्रुति से ब्रह्म को सुने फिर अनुमान से मनन करे फिर अनुभव से साक्षात्कार करे इससे ब्रह्मवेदैकमेय है और अनुमानादि सब प्रमाण वेद के अनुवादकही हैं। यतोवाइमानीतिसत्यंज्ञानमनन्तंब्रह्मेति। जो दो वाक्य विषय हैं इन में श्रुत ब्रह्म का लक्षण घटता है या नहीं घटता है यह संशय है। नहीं घटता है कैसे नहीं घटता है॥

सुनो। क्या जन्मादि ब्रह्म का लक्षण है या सत्यादि नहीं है। पहिला पक्ष। जन्मादि जगत् के हैं इससे उसका ब्रह्म से सम्बन्धही नहीं है। दूसरा पक्ष भी नहीं है यदि लोक में प्रसिद्ध सत्यादि को स्वीकार करो तो तदा सत्यादि भिन्नार्थ वाची होने से अखण्ड ब्रह्म की सिद्धि नहीं होगी और

अप्रसिद्ध सत्यादि लक्षण के योग्यही नहीं है । तिससे ब्रह्म का तटस्थ लक्षण और स्वरूप लक्षण दोनों नहीं हैं यह मत समझो जो मैं कहिता हूं सो समझो जन्मादि जगन्निष्ठ हैं तो भी ब्रह्म में कल्पना से जन्मादि के कारण सम्बद्ध है इसी का नाम तटस्थ लक्षण है लोक में जैसे जो सांप है सो माला है तैसेही जो जगत् कारण है सो ही ब्रह्म है ऐसे कल्पित वस्तु से ब्रह्म का लक्षण शक्य है । और जैसे लोक में पिता भ्राता जामाता सुतादि शब्द भिन्नार्थ बाची हैं तो भी उनका एक चैत्र में पर्यवसान होने में कुछ विरोध नहीं है तैसेही लोक प्रसिद्ध भिन्नार्थ बाची सत्यादि शब्द अखण्ड ब्रह्म में पर्यवसायी होने से स्वरूप लक्षण की सिद्धि है इससे दोनों लक्षण सिद्ध हैं ॥

मन्त्र । अस्यमहतोभूतस्यनिःश्वसितमेतदृग्वेदोयजुर्वेदःसामवेदइत्यादि । तस्माद्यज्ञात्सर्वहुतऋचःसामानियज्ञिरेइत्यादि मन्त्रों से उक्त सूत्र रचा है । भावार्थ० । मन्त्रों में ईश्वर को मावयवमान प्राणी को साम के निकरने के तुल्य वेद का जन्म कहा है और किसी ढब से साम नहीं घटेगी ।

और कोई कहिते हैं कि याज्ञवल्क्य ने शाकल्य से पूछा कि मैं तुम से उस पुरुष को पूछता हूं जो उपनिषत् से जाना जाता है क्योंकि ब्रह्म में रूप रसादि नहीं हैं इससे इन्द्रियां उसको नहीं जानसक्ती हैं और लिङ्ग और सदृश उस का कोई नहीं है इससे अनुमान और उपमान भी उसको नहीं बता सक्ते हैं फिर यही सिद्ध हुआ कि ब्रह्म केवल वेदही से जाना जाता है । यद्यपि उस में अनुभव अनुमानादि भी प्रमाण हैं तथापि पहिले श्रुति से सुने पीछे उन से मन न क-

रे। श्रुति ॥

तन्त्वौपनिषदंपुरुषंपृच्छामीतिनावेदविन्मनुतेतंबृहन्तमित्यादि। अर्थ। विद्यावान् बड़े ईश्वर को जानता है न कि संन्यासादि लिङ्गधारी बाह्य चिन्ह धरने से। इससे ब्रह्म वेदैकमेय है ॥

(समन्वयाधिकरण ॥ ४ ॥)

तत्तुसमन्वयात् ॥ ४ ॥

तु शब्द पूर्व पक्ष की निवृत्ति के लिये है। तत्। ब्रह्म साक्षात्परम्परयावासमग्राम्नायप्रतिपाद्यमस्तीति ब्रह्म में केवल वेद प्रमाण है क्योंकि सब वेद साक्षात् या परम्परा से ब्रह्म का ही प्रतिपादन कर्त्ता है। जैमिनि मीमांसक मानते हैं कि वेद में जीव के प्रकाशक वाक्य कर्त्ता को और ब्रह्म प्रकाशकवाक्य देवता को और सृष्टि प्रकाशकवाक्य यज्ञ की सामग्री सब वस्तु को कहिते हैं तिससे वेदान्त कर्म का उपयोगी होके सार्थक होगा और ब्रह्म परमानेसे अनुष्ठानमें नहीं आवेगा उससे निरर्थक होगा। तिससे वेदान्त कर्त्ता देवता साधनके प्रतिपादक हैं व्यास वेदान्ती मानता है कि सब वेदान्त वाक्य ब्रह्महो को कहिते हैं और न कर्त्ता आदि को जिससे वे कर्म का अङ्ग होके रहें क्योंकि वेदान्त सब प्रकरणों से वेद में पृथक् पढ़े हैं। और ब्रह्म के निश्चायक छह चिन्ह हैं। जैसे। सदेवसौम्येदमग्रआसीदिति। ऋग्वेद में। एकमेवाद्वितीयं। यजुर्वेद में। आत्मावाइदमेकएवाग्र आसीन्नान्यत्किञ्चनमिषत्सईक्षतलोकानुसृ-

ना इति । सइमान्लोकानसृजेति । तदेतद्ब्रह्मापूर्वमनपरमनन्तरमवाह्यमयमात्माब्रह्मसर्वानुभूःब्रह्मैवेदममृतम्पुरस्तादिति छांदोग्य के छठे अध्याय से इहां से आरम्भ कर। ऐतदात्म्यमिदंसर्वंतत्सत्यंसआत्मातत्वमसीति । यहांलो उपक्रमोपसंहार नाम एक चिन्ह है १ बार २ एक बात कहिना अभ्यास नाम दूसरा चिन्ह है २। जैसे। तत्त्वमसि, यह उपदेश नौ बार है। वेद के विना अन्य प्रमाणों से ब्रह्म नहीं जानाजाता है यही अपूर्व नाम चिन्ह है ३ । एक के जानने से सब जाना जाता है यह फल नाम चौथा चिन्ह है सृष्टि १ स्थिति २ लय ३ प्रवेश ४ नियमन ५ जो पांच अर्थ बाद नाम चिन्ह है ५। जैसे मट्टी के घटादि सब विकार झूठे हैं फिर मट्टीही सच्ची है यह दृष्टान्त है इसी को उपपत्ति नाम छठा चिन्ह कहा है ६ इन छहों चिन्हों से वेदान्त का तात्पर्य केवल ब्रह्म में ही है॥

और यह शङ्का भी मत करो कि वेदान्त अनुष्ठान में न आने से निष्फल हैं क्योंकि जब मनुष्य सांपसी रस्सी देख डरता कांपता भागता खड़ा रहिता है तब उससे कहे कि यह सांप नहीं है किन्तु रस्सी है यह सुन भय छाड़ सुखी होता है तैसेही वेदान्त भी सब अनर्थ की निवृत्ति के लिये हैं। वुह यह कि जीवबद्ध कर्त्ता भोक्ता संसारी है। और इसकी निवृत्ति है कि जीव शुद्ध मुक्त है और बन्धन औपाधिक है आत्मावाअरेद्रष्टव्यः। यआत्माअपहतपाप्मासोन्वेष्टव्यःसविजिज्ञासितव्यः। आत्मेत्येवोपासीत आत्मानमेवलोकमुपासीतब्रह्मवेदब्रह्मैवभवतीत्यादि॥

जब तक देह है तब तक सुख दुःख का तारतम्य नहीं छुटता है। श्रुति। नहवैसशरीरस्यसतःप्रियाप्रिययोरपहतिर-

स्तीति । अशरीर को सुख दुःख नहीं है । श्रुति । अशरीरम्वा-वसन्तन्नप्रियाप्रियेस्पृशत इति । अभयंवैजनकप्राप्तोसितदात्मा-नमेव।वेदहंब्रह्मास्मीतितस्मात्तत्सर्वमभवत्तत्रकोमोहःकःशोकः-एकत्वमनुपश्यत इति ।

ऋग्मन्त्रः । तयोरन्यःपिप्पलंस्वाद्वत्त्यनश्नन्नन्योभिचाकशीतीति । अर्थ । प्रमाता और साक्षी के बीच बुद्धि के सङ्गही से कल्पित कर्तृत्वादिमान् कर्म फल का भोक्ता है वुही शुद्ध साक्षी रूप से प्रकाशता है । यजुर्मन्त्रः । सपर्यगाच्छुक्रः स आत्मा पर्य्यगात् व्याप्तः शुक्रा दीप्तमान् अकायः १ लिङ्गशून्यः १ अव्रणः अक्षतः अस्नाविरः शिराविधुरः अनश्वरोवास्थूलदेहशून्यः शुद्धः रागादि मलशून्यः अपापविद्धः पुण्यपापाभ्यांशून्यः इतिमन्त्रपदार्थः । इससे जो जैमिनिने कहाथा कि वेद यज्ञके अर्थ है और जो यज्ञार्थ नहीं है सो अनर्थक है सो झूठ है । आम्नायस्यक्रियार्थत्वादानर्थक्यमतदर्थानामिति इष्टाहितस्यार्थः कर्माववोधनंनामेतिभाष्यञ्च ॥

और एक देशीइ यों मानता है कि यद्यपि वेदान्त ब्रह्म बोधक हैं तदापि ब्रह्म में वेदान्तों का पर्यवसान नहीं है तो क्या है कि परोक्ष से ब्रह्म को कहिके पीछे प्रत्यक्ष प्रतिपत्ति को कहिते हैं जैसे पहिले श्रवण से परोक्ष ज्ञान कहके पीछे मननादि से अनुभव ज्ञान प्रत्यक्ष कहा है । तिससे प्रतिपत्ति के विधाता वेदान्त हैं यह पक्ष भी सच्चा नहीं है । प्रतिपत्ति विधि के असम्भव से कर्म करने को अकरने को अन्यथा करने को पुरुष तन्त्र है जो शक्य है । और शास्त्र तो अनुष्ठेय के शासनार्थही नहीं नियत है किन्तु सिद्ध वस्तु के शंसन से भी शास्त्र की सिद्धि है और यह भी नहीं कहि सक्ते हो कि

शाब्दज्ञान के जन्म पीछे अनुभवात्मक मननादि विधान है। जैसे तू दशमा है इस में शब्दही अपरोक्षानुभव ज्ञान का जनक होने से शाब्द बोध से पहिलेही असम्भावनादि की निवृत्ति कोर्थ व्यापार रूप कर्त्त तन्त्र मननादि के बिधान से क्योंकि शब्द से भी प्रत्यक्ष ज्ञान होता है। जैसा कि यह एक दृष्टान्त है कि जुह्व धरभूला ऋत्विक् जिधर तिधर खोजता था व्याकुलता से फिर दूसरा बोल उठा कि जुह्व वुह धरो है कुशों पर तभी उसको शब्द से प्रत्यक्ष हुआ जुह्व का और चिन्ता कपूर्सी उड़ गई तैसेही तत्वमस्यादि वेदांत हैं कर्मकाण्ड में भव्य धर्म जिज्ञास्य है और ब्रह्मकाण्डमें भूत नित्य निर्वृत्त ब्रह्म जिज्ञास्य है यह वै लक्षण्य है॥

यद्यपि ध्यानचिंतनमानस है तद्यपि करने को अकरने को अन्यथा करने को पुरुषतन्त्र है। और ज्ञान प्रमाणजन्य फिर प्रमाण जैसी वस्तु है तैसी ही ऊंची चौड़ी लम्बी बतावेगा इससे ज्ञान करने अकरने अन्यथाकरने को शक्य नहीं है केवल वस्तुतन्त्र है नचोदनातन्त्र नकि पुरुषतन्त्र तिससे ज्ञानमानस है तोभी उसको बड़ी वैलक्षण्य है॥

और शाण्डिल्य के मत में ब्रह्म की उपासना के लिये वेदान्त वाक्य हैं सोभी सच नहीं है क्योंकि उपासना को मुक्ति में कारण न होने से लोक में उपासक मुक्त न देखने से जैसे राजसेवक है। वेद भी ज्ञानही से मुक्ति दिखाता है। तमेव विदित्वेति ऋग्यजुर्मन्त्र है और उपासना को विधि का अङ्ग मानने में कोई प्रमाण नहीं है। सार तो यह है कि वेदान्त वाक्य न कर्म के अङ्ग और नकि भक्ति का अङ्ग हैं किन्तु केवल वेदप्रमाणक स्वतन्त्र ही हैं ब्रह्मवेदान्तवाक्यसमन्वय से सिद्ध

है और जब तक ईश्वर का निश्चय नहीं है तब तक प्रमाण चाहिये। तिससे तत्वमसीत्यादि वेदान्त ब्रह्म के निश्चायक हैं॥

(ईक्षत्यधिकरण। ५॥)

ईक्षतेर्नाशब्दं। ५॥

नास्ति वेदो मानं यस्मिन्तदशब्दं । वादिभिः कल्पिताः पदार्था विश्वनिदानभूता वेदमानशून्या भवन्तीति भावार्थः॥ भाषा। जो सांख्य ने अचेतनप्रधान विश्वनिदान माना है सो नहीं हो सक्ता है। क्योंकि वेदान्तों में न सुनने से और जो वेदान्तों में विश्वनिदान सुना है सो सांख्यकल्पित प्रधान नहीं हो सक्ता है। क्योंकि ईक्षण सुनने से। ईक्षण जड़ प्रधानमें नहीं हो सक्ता है। अचेतनप्रधान सर्वज्ञ नहीं हो सक्ता है और चेतन सत्व के उत्कर्षद्वारा सर्वज्ञ हो सक्ता है साक्षी निमित्त से भी प्रधान में ईक्षण नहीं कल्प सक्ते हो जैसे अग्निनिमित्त से लोहे से दाह है क्योंकि जिस निमित्त से उस में ईक्षण है सोही विश्वनिदान है॥ वेद। छान्दोग्य के छठे अध्याय में पढ़ा है कि। सदेवसौम्येदमग्रआसीत्। एकमेवाद्वितीयं ब्रह्मेति यहां से पढ़ा कि। तदैक्षतबहुस्यांप्रजायेयेति तत्तेजोऽसृजतेति यहां तक एक प्रकरण है इस ऐक्षत शब्द से उक्त सूत्र रचा है। और षोड़शकलपुरुषों की सृष्टि मे भी चेतनही विश्वनिदान कहा है। जैसे सईक्षांचक्रे सप्राणमसृजत तस्मादेतद्ब्रह्मनामरूपमन्नंच जायते। और मन्त्र भी देहके वि-

नाही ईश्वर से सृष्टि बताते हैं।

न तस्य कार्यं करणं च विद्यते न तत्समश्चाभ्यधिकश्च दृश्यते।
पराऽस्य शक्तिर्विविधैव श्रूयते स्वाभाविकीज्ञानबलक्रिया च॥
अपाणिपादो जवनो गृहीता पश्यत्यचक्षुः स शृणोत्यकर्णः।
सवेत्तिवेद्यंनचतस्यास्तिवेत्ता तमाहुरग्र्यं पुरुषंमहान्तमिति॥
नाकृष्यवत्सम्पन्नाऽत्रमनित्यफलत्वादिति॥

गौणश्चेन्नात्मशब्दात्॥ ६॥

जो ईक्षण श्रुतिसे सुना सो गौण नहीं है जैसा कि तेज जलका ईक्षण है किन्तु नामरूप को करनेवाली देवता आत्म शब्दसे चेतन जीवको कहती है गौणी श्रुतियां। तत्तेजऐक्षत ता आप ऐक्षन्त इत्यादि। गौण का लौकिक दृष्टान्त यह है। जैसे खाट कोठा पीढ़ी बोलते हैं॥ श्रुति। अनेनजीवेनात्मनानुप्रविश्य नामरूपे व्याकरवाणीति। सयएषोऽणिमैतदात्म्यमिदं सर्वं तत्सत्यं स आत्मा तत्त्वमसि श्वेतकेतो इति। इस में चेतन ही श्वेतकेतुका आत्मा कहा है नकि जड़प्रधानको॥

तन्निष्ठस्यमोक्षोपदेशात्॥ ७॥

ब्रह्मसंस्थस्य पुरुषस्य मुक्तिकथनात्। विश्वनिदानके साथ जिस जीव का तादात्म्य ज्ञान है उस की मुक्ति है। तरति शोकमात्मविदिति। अर्थ। ईश्वर का जाननेवाला मृत्यु को तरता है और तत्त्वमसीति इस वाक्य से भी पिता ने श्वेतकेतु को विश्वनिदान के साथ अभेदही उपदेश किया है। भावार्थ। जैसे स्वर्गाद्यर्थिको अग्निहोत्रादिद्दृयमेधान्त साधनों का उपदेश है तैसेही मुमुक्षु को भी आत्मा का उपदेश है यही युक्त है। जैसे अन्ध को ग्राममें पहुंचाने के लिये दुष्टवर्ई-

की पूछ यमादी तैसे भी श्वेतकेतु को उपदेश नहीं है पुरुषार्थहान से ॥

हेयत्वावचनाच्च ॥ ८ ॥

तैतिरीय शाखा में देह प्राण मन बुद्धि आनन्द इन पांच में पहिले की अपेक्षा से आगे२ श्रेष्ठ२ समुझ आनन्दमय पर विश्राम किया है तिस्से जाना गया कि आनन्दमय आत्मा है तैसेही यहां पर और कुछ न कहिने से आत्माही ग्राह्य रहा। जैसे मूज में सींक छिपी होती है तैसेही आत्मा अन्नमय प्राणमय मनोमय विज्ञानमय आनन्दमय इन में छिपा है। कारण के जानने सें सब कार्य जाना जाता है। जैसे एक मट्टी का घड़ा देखने से सब मट्टी के घड़े जाने गये कि मट्टी के विकार अनित्य है और मट्टीही सत्य है। तिससे सत् शब्द वाच्य आत्मा है न कि प्रधान है। सदेव सौम्य इत्यादि से ॥

स्वाप्ययात् ॥ ९ ॥

स्वस्मिन्नप्ययोलयस्तस्मादिति ॥

ब्रह्मही में सब का लय कहा है तिससे भी प्रधान विश्वनिदान नहीं है। सो ते पर सब चेतनों का लय होता है जिसमें सोही चेतन विश्वनिदान है। श्रुति। प्राज्ञेनात्मनासम्परिष्वक्तोनवाह्यंकिञ्चनवेदनांतरमिति यत्रैतत्पुरुषःस्वपितिनामसतासौम्यतदासम्पन्नोभवतिस्वमपीतोभवति तस्मादेनंस्वपीतीत्याचक्षतेस्वंह्यपीतोभवतीति। जिस में सब चेतनों का लय है सो ही चेतन विश्व निदान है न कि प्रधान। सवाएषआत्माहृदितस्यैतदेवनिरुक्तंहृदयमितितस्माद्धृदयमिति आपएवतदशितन्नयन्तितेजएवतत्पीतन्नयतइतिच ॥

गतिसामान्यात् ॥ १० ॥

जैसे नेत्रादि इन्द्रियां रूपादि में समान गति से वर्त्ते हैं तैसे सब वेद ब्रह्म को ही जगकारण कहते हैं। न तार्किकों के समान भिन्न२ कारण है। यथाग्नेर्ज्वलतःसर्वादिशोविस्फुलिङ्गाविप्रतिष्ठेरन्एवमेवैतस्मादात्मनः सर्वेप्राणायथायतनंविप्रतिष्ठन्तेप्राणेभ्योदेवादेवेभ्योलोकाइति तस्माद्वाएतस्मादात्मन-आकाशःसम्भूतइति आत्मनएवेदंसर्वमिति आत्मनएषप्राणोजा-यतइति। कहीं चेतन विश्वनिदान है कहीं जड़ प्रधान कहीं अन्य है। ब्रह्म हि रूपही जाना जाता है ॥

श्रुतत्वाच्च ॥ ११ ॥

वेद से उपादान करण कर्त्तादि सब का कारण चेतनही सुना है। नतस्यकश्चित्पतिरस्तिलोके नचेशितानैवचतस्यलिङ्गं सकारणंकरणाधिपाधिपो नचास्यकश्चिज्जनितानचाधिप इति यह श्वेताश्वतराणां मन्त्रोपनिषत् है। द्वासुपर्णाविति इस मन्त्र की व्याख्या में किसी ने जीव ईश्वर लिये हैं और पैंगीने बुद्धि जीव लिये हैं। पैङ्गीरहस्यब्राह्मणेनान्यथाव्याख्याता द्वास्तावितीसत्वचेत्रज्ञौ सत्वचेत्रज्ञशब्दयोरन्तःकरणशारीरपरतया-प्रसिद्धत्वात्तत्वैवव्याख्यातत्वात् ॥ तिससे सिद्ध हुआ सर्वज्ञब्रह्म विश्वनिदान और नकि जड़प्रधान या अन्य कोई ॥

(आनन्दमयाधिकरण । ६ ॥)

आनन्दमयोभ्यासात् ॥ १२ ॥

प्रथम सूत्र से ब्रह्म शब्द सर्व सूत्रों में लिया है वुही सा-
ध्य होने से तैत्तिरीय में देह प्राण मन बुद्धि आनन्द जे पांच
क्रम से पढ़े हैं इन में सब से पीछे आनन्दमय पढ़ा है सोही
ब्रह्म है क्योंकि वार२ आनन्दमय पढ़ने से । और आनन्द
शब्द से जो आनन्दमय का बहुबार वर्णन है सोही अभ्यास
है ॥ श्रुतिः तैत्तिरीया । अन्नमयं प्राणमयं मनोमयं विज्ञानम-
यं तस्माद्वा एतस्माद्विज्ञानमयादन्यो अन्तरआत्मा आनन्दमय
इति । इसमें संशय है कि आनन्दमय परब्रह्म है या अन्नम-
यादिवत् ब्रह्म से अन्य है ॥ अभ्यास में श्रुति । तस्यैषएवशा-
रीरआत्मायःपूर्वस्येति रसोवैसः रसंह्येवायं लब्ध्वानन्दी भवति
कोह्येवान्यात्कःप्राण्याद्यदेष आकाशआनन्दो न स्यात् । एष
ह्येवानन्दयाति सैषानन्दस्य मीमांसा भवतीति एतमानन्दमय
मात्मानमुपक्रामति ॥ आनन्दंब्रह्मणोविद्वान्नबिभेति कुतश्चनेति
आनन्दोब्रह्मेति व्यजानादिति । विज्ञानमानन्दं ब्रह्मेति एत-
स्यैवानन्दस्यान्यानि भूतानि मात्रामुपजीवन्तीति । वेद । तस्य
प्रियमेवशिरःमोदोदक्षिणःपक्षः प्रमोदउत्तरःपक्षः आनन्दआत्मा
ब्रह्मपुच्छंप्रतिष्ठति । वेद में पक्षिरूपकालंकार से सुगमबोधा-
र्थब्रह्म दिखाया है इस में निरुपाधि आनन्दमय पांच अङ्गों
से कहा है । चहींतो वस्तुके देखने से जो सुख है सो प्रिय है
उसीका लाभ मोद है २ उसीका भोग प्रमोद है ३ सुषुप्ति
आदि में भासमान जो अज्ञानोपहित सुख सामान्य सो आ-
नन्द है ४ आनन्द निरतिशय पूंछ है ५ उपासनार्थ निरुपाधि
ब्रह्मके ही शिरादि पांच अङ्ग कल्पना किये हैं इससे संसारी
नहीं है किन्तु चिन्मय ब्रह्म है फिर चिन्मय के तात्पर्य से अ-
भ्यास किया है और प्रियादिअङ्ग औपाधिक हैं तिससे ईश्वर

आनन्दमय है यह एक का मत है । अन्यमत का वर्णन यह है कि ब्रह्म क्या आनन्दमय का अवयव है या प्रधान है। लोकमें पूछशब्द अवयवको कहिता है तिससे पूछ आनन्दमय का अवयव है सो नहीं है क्योंकि पूछ पशु का अवयव नहीं है किन्तु लांगूलही है फिर आनन्दमय में पूछ का सम्भवही नहीं है इससे पूछ के मुख्यार्थ को छाड़ लाक्षणिकार्थ आधार लिया है तिससे जीव का आधार ब्रह्म मुख्यवर्णन किया है और भी निगमन श्लोक में ब्रह्मशब्द का अभ्यास है॥

असन्नेवसभवतिअसद्ब्रह्मेतिवेदचेत् अस्तिब्रह्मेतिचेद्वेदसन्तमेनन्ततोविदुरिति ब्रह्मविदाप्नोतिपरमिति। यह ब्रह्मका उपक्रम भी अनुकूल है। यहां पर मनुष्यादि की आनंद से आगेर को सौगुनी आनन्द बढ़के ब्रह्मानन्द है उस में सब आनन्द का अन्त है॥

विकारशब्दान्नेतिचेन्नप्राचुर्यात् ॥ १३ ॥

आनन्द शब्द के आगे जो मय शब्द है सो विकार वाचक नहीं है किन्तु प्राचुर्य अर्थात् बहुत अर्थ का वाचक है। जैसे अन्नमय यज्ञ और पशुमय घर और नारीमय नर इन में बहुत अन्न पशुवाला घर और बहुत स्त्री प्रियनर है। तैसे आनन्दमय यहांपर है तिससे बहुत अर्थमें मयट् है नकि विकार में॥

तद्धेतुव्यपदेशाच्च ॥ १४ ॥

आनन्द का हेतु ब्रह्मही है। ब्रह्म से अन्य में आनन्द के लेश पहुंचते हैं। एषह्येवानन्दयाति। ब्रह्मही आनन्द कराता है। जैसे। लोक में जो अन्य को धनी कर्त्ता है सो उससे अ-

धिक धनी समझा जाता है ॥

मांत्रवर्णिकमेवचगीयते ॥ १५ ॥

इससे भी आनन्दमय परही आत्मा है कि । ब्रह्मविदाप्नोतिपरमिति । यहां से उपक्रम कर। सत्यंज्ञानमनन्तंब्रह्मेति इस मन्त्र में जो प्रकृत ब्रह्म था सो ही सत्यज्ञान अनन्त शब्दों से निर्णीत है । यस्मादाकाशादिक्रमेणस्थावरजङ्गमानिभूतान्यजायन्तयच्चभूतानिसृष्ट्वातान्यनुप्रविश्यगुहायामवस्थितंसर्वान्तरंयस्यविज्ञानायान्योन्तरआत्माअन्योन्तरआत्मेति । इस में मान्त्रिक ब्रह्मगाया है । अन्योन्तर आत्मानन्दय इति । यह मन्त्र और ब्राह्मण की एकार्थता युक्त है । आनन्दमय से अन्य आत्मा नहीं कहा है यह भार्गवी वारुणी विद्या है तिस से आनन्दमय पर आत्मा है ॥

नेतरोनुपपत्तेः ॥ १६ ॥

आनन्दमयके प्रकरणमें सुना है कि एक ने बहुतकी इच्छा से विश्वसृजा है सो यह काम जीव का नहीं है तिससे जीव आनन्दमय नहीं है अथवा आनन्दमय का मुख्य वर्णन नहीं है क्योंकि ब्रह्म वेदी ब्रह्म को प्राप्त होता है और जो ब्रह्म असत् जानता सो असत् ऐसे आगे पीछे के सन्दर्भके विरोध से संसारी जीव या प्रधान आनन्दमय नहीं है किन्तु ईश्वरही है । श्रुति । सोकामयतबहुस्यांप्रजायेयेतिसतपोतप्यत्सतपस्तप्त्वाइदंसर्वमसृजतयदिदङ्किंचेति । अर्थ । जो कुछ कार्य है सो सब ईश्वर ने देख के रचा है ॥

भेदव्यपदेशाच्च ॥ १७ ॥

रसोवैसःरसंह्येवायंलब्ध्वानन्दीभवतीति। अर्थ। जीव ब्रह्म के लाभ से आनन्द होता है यहां प्राप्य ब्रह्म और प्रापक जीव है यह भेद का कहिना है अविद्या कल्पित देह कर्ता भोक्ता विज्ञानात्मा से ईश्वर अन्य है। जैसे खड्गधारी मायावी सूत्र पर चढ़ आकाश को जाता दिखाता है और परमार्थ से मायावी भूमिही पर खड़ा है और जैसे व्योम घटादि उपाधि से भिन्न अनुपाधि अन्य है तैसेही जीव ब्रह्म का भेद है॥

कामाच्चनानुमानापेक्षा ॥ १८ ॥

कामना सुनने से सांख्य सम्मत अचेतन प्रधान आनन्दमय या विश्वनिदान नहीं है। और न कि जीव आनन्दमय है। सोकामयतवहुस्यांप्रजायेयेति अथवा कामआनन्द है फिर आनन्द को दृष्टान्त और आनन्दमय को पक्ष और प्रधान साध्य है फिर आनन्दमय प्रधान है आनन्दवत्। ऐसे अनुमान की सम्भावना भी सम्भव नहीं हो सक्ती है क्योंकि वेद में प्रधान या जीव को आनन्दमय कहिनेवाला वाक्य न होने से ईक्षतेर्नाशब्दं इससे निरस्त प्रधान का फिर निरास प्रपञ्चार्थ ही है॥

अस्मिन्नस्यचतद्योगंशास्ति ॥ १९ ॥

इस आनन्दमय के प्रकरण में जीव का योग आनन्दमय ब्रह्म के साथ वेद उपदेश कर्त्ता है इससे उपचार का इच्छा से भी आनन्दमय वाक्य का अर्थ प्रधान या जीव नहीं है। श्रुति। यदाह्येवैषएतस्मिन्नदृश्येनात्म्येऽनिरुक्तेऽनिलयेऽभयंप्रतिष्ठांविन्दतेथसोऽभयङ्गतोभवति यदाह्येवैषएतस्मिन्नुदरमन्त-

रंकुरुतेथतभयम्भवस्यतीति । अर्थ । तादात्म्य से ईश्वर की देखि सो देखना परमात्मा के ग्रहण से बनता है न जीव या प्रधान के ग्रहण में तिससे आनन्दमय परमात्मा है न कि विज्ञानात्मा । श्रुति । सवाएषपुरुषोन्नरसमयस्तस्माद्वाएतस्मादन्नरसमयादन्योन्तरआत्माप्राणमयस्तस्मादन्योन्तर आत्माविज्ञानमयइति। अर्थ । यहां पर भी विकारार्थ की परम्परा से आत्मा अद्वै जरतीय है ॥

च हेतु में है जिससे आनन्दमय को आनन्द का सम्बन्ध वेद ने उपदेश किया है। तिससे उपासना के लिये भी आनन्दमय प्राधान्य नहीं है। और आनन्द प्रचुर कहिने में दुःख अल्प भी मत समझो अद्वितीय से। श्रुति । रसंह्येवायंलब्ध्वानन्दीभवतीति ॥

———*———

(हिरण्यमयाधिकरण ॥ ७ ॥)

———*———

अन्तस्तद्धर्मोपदेशात् ॥ २० ॥

परमेश्वरस्यधर्माइहोपदिश्यन्तइति सोचोनुवादः ॥ छांदोग्यके प्रथमाध्यायमें उद्गीथउपासनाओं के बीच गौण उपास्योंका उपदेशकर फिर मुख्य उपास्यका उपदेश किया है वुह यहकि सूर्य के बीच मे हिरण्मय पुरुष है और ऋग्, साम उक्थ, यजुः, जो ब्रह्मधर्म हैं और ब्रह्म सब पापों से मुक्त अद्वितीय ईश्वर कहा है । यह अर्थ इन श्रुतियों से लिया है कि । सैवर्क्तत्सामतदुक्थन्तद्यजुस्तद्ब्रह्मेति उदेति ह वै सर्वेभ्यः पाप्मभ्यइति । अथयएषोन्तरादित्येहिरण्मयः पुरुषोदृश्यते इत्य ादि मेस इ

संशय है कि विद्या कर्म की अतिशय से वड़ा होके सूर्यादि में प्राप्त उपास्य कहा है या नित्य सिद्ध ईश्वर है फिर रूपी सुनने से संसारी है न कि ईश्वर नीरूप से निरूप का रूप उपासना के लिये मान लिया है। अशब्दमस्पर्शमरूपमव्ययमिति इस श्रुति से। और ईश्वर अपनी सत्ता से ही निराधार ठहिरा है। सभगवःकस्मिन्प्रतिष्ठितइति स्वेमहिम्नीति। इस वाकोवाक्य रूप श्रुति से। निर्विकार और अनन्त है। आकाशवत्सर्वगतश्चनित्यः इस श्रुतिसे। कभी२ विकारोंसे भी कहा है। सर्वकामःसर्वगन्धःसर्वरसइत्यादि श्रुति से। तात्पर्यार्थ है कि जो बाहिर गन्ध रसादि देखते हैं सो सब ईश्वर की सत्ताही है और न कि मृदु द्रुत कठिनादि वस्तु कुछ ही है तिससे ईशही सूर्य और नेत्र के बीच उपदिष्ट है॥

भेदव्यपदेशाच्चान्यः॥ २१ ॥

जो सूर्य में है उससे ईश्वर अन्य है इस भेद से सूर्य आधार और ईश्वर आधेय जान पड़ता है यह अर्थ इस श्रुति से लिया है कि। यआदित्येतिष्ठन्नादित्यादन्तरोयआदित्योनवेदयस्यादित्यःशरीरंयआदित्यमन्तरोयमयत्येषतेआत्मांतर्याम्यमृतइति। तिससे हिरण्मय ईश्वर है और न कि जीव देवतादि॥

(आकाशाधिकरण॥ ८॥)

आकाशस्तल्लिङ्गात्॥ २२ ॥

छान्दोग्य में शालावत्व नाम महर्षि ने प्रवाहण नाम रा-

जा से पूछा कि हे भगवन् जो सब का आधार और कारण है आप उसे हमे बताइये फिर उसने कहा कि आकाश है। अब क्या आकाश शब्द से जो भूतों में गिना आकाश सो है या ब्रह्म है यह संशय है। भूताकाश नहीं है क्योंकि आकाशही आकाश का कारण नहीं हो सक्ता है और ब्रह्म शब्द के बदले में आकाश शब्द इस हेतु से कहा कि ब्रह्म व्योम-दोनों अनन्तता में बराबर हैं और वेद से आकाश शब्द ब्रह्म में और लोक से पांच भूतों में प्रसिद्ध है। यह अर्थ इस श्रुति से लिया है कि। अस्यलोकस्यकागतिरित्याकाश इति होवाचसर्वाणिहवाइमानिभूतान्याकाशादेवसमुत्पद्यन्तेआकाशं प्रत्यस्तंयंत्याकाशोह्येवैभ्योज्यायानाकाशःपरायणं इति॥

पृथिवी अन्तरिक्ष दिव और सब लोकों से बड़ा है। श्रुति। ज्यायान्पृथिव्याज्ज्यायानंतरिक्षाज्ज्यायान्दिवोज्यायानेभ्यो लोकेभ्यः इति। कर्म फल देने को ईश्वरही समर्थ है॥

श्रुति॥ विज्ञानमानन्दंब्रह्मरातेर्दातुःपरायणमिति। आनन्त्य ब्रह्म का चिन्ह है। सएषवरोवरीयानुद्गीथःसएषो नन्त इति। श्रुति। ऋचोक्षरेपरमेव्योमन्यस्मिन्देवाअधिविश्वेनिषेदुःसैषाभार्गवीवारुणीविद्यापरमेव्योमन्प्रतिष्ठिता इति। ईश्वर में ऋचो वेदही प्रमाण हैं। छान्दोग्य ॐकंब्रह्मखंब्रह्मेति। बृहदारण्य है कि खंपुराणमिति। अग्निरधीतेनुवाकं। इस में जैसे अग्नि शब्द लड़के का वाचक है तैसेही आकाश शब्द के पर्याय कखादि शब्द भी ब्रह्मही को कहिते हैं आकाशोवैनामरूपयोर्निर्वहितातेयदन्तरातद्ब्रह्मेति। और भी अन्तवत्त्व दोष से शालावत्य पक्ष की निन्दा कर कुछ अनन्त कहिने की इच्छा से व्योम का ग्रहण किया है इसे सिद्ध हु-

था कि आकाश शब्द से ब्रह्महो कहा है न कि भूताकाश ॥

(प्राणाधिकरण ॥ ६ ॥)

अतएवप्राणः ॥ २३ ॥

अतः । ब्रह्मलिङ्गादेव प्राणपद वाच्यं ब्रह्मास्ति आकाश वाक्य के अगिले वाक्य में प्रस्तोता नाम ऋत्विज् ने उषस्ति से पूछा कि प्रस्ताव नाम साम के भाग का देवता कौन है उसने उत्तर दिया कि प्राण है। सो क्या मुह के भीतर आता जाता वायु है या ब्रह्म है। लोक में सास को हो प्राण कहते हैं तिससे वुही है यह मत कहो क्योंकि प्राण सोते पर सब इन्द्रियों के लय का स्थान है फिर प्राण के लय का स्थान कौन है इससे जो सब की लय का स्थान है सो ही ब्रह्म है। लोक से प्राण शब्द सास में रूढ है। और वेद से ब्रह्म में है और प्राण शब्द ब्रह्म परमाने से सर्व शब्द के अर्थ का सङ्कोच और व्यभिचार भी नहीं रहा है और सब भूतोंमें घुसना निकरना यह ब्रह्म का चिन्ह भी बना रहा। यह अर्थ इन से लिया है कि कतमासादेवतेतिप्राणइतिहोवाचसर्वाणिहवाइमानिभूतानिप्राणमेवाभिसम्विशन्तिप्राणमभ्युज्जिहते - सैषा देवता प्रस्तावमन्वायत्तेत्यादि यदावैपुरुषःस्वपितिप्राणं तर्हिवागप्येतीत्यादि सयदाप्रबुध्यतेप्राणादेवाधिपुनर्जायन्तेइत्यादि। अर्थ। स्वापकालमें प्राण वृत्ति कालय नहीं है और इन्द्रिय वृत्तियों का लय है और प्रबोध में इन्द्रिय वृत्तियों का उदय है जो लय उदय प्राण को ब्रह्म बताते हैं और ब्रह्म

कहने की इच्छा से ही प्राणोंका प्राण कहा है। श्रुति। प्राणस्यप्राणंप्राणबन्धनंहिसौम्यमन:इत्यादि। तिससे ब्रह्मही प्राण शब्द से कहा और न कि सास॥

(ज्योतिरधिकरण ॥ १० ॥)

ज्योतिश्चरणाभिधानात् ॥ २४ ॥

ज्योति: ब्रह्म कुत: पाद्कथनात् इत्यर्थ: ।

छान्दोग्य के तीसरे अध्याय के बीच गायत्री विद्या में हृदय के छिद्रकी उपासना कहके कहा कि द्युलोक से परे प्रकाशमान वस्तु ब्रह्म है क्योंकि पहिले गायत्री खण्ड में एक पाद उसका सब भूत और तीन पाद अमृत रूप द्युलोक में कहे हैं ऐसा चार पाद ब्रह्म कहा है फिर वुही ब्रह्म प्रकृत है और ब्रह्मही का पद् शब्द से अनुकर्ष किया है तिससे ज्योति: परब्रह्म है और नकि सूर्यादि यहां ज्योति: शब्दार्थ ज्ञान है यह अर्थ इन श्रुतियोंसे लिया है कि। अथयदत:परोदिवो ज्योतिर्दीप्यतेविश्वत:पृष्ठेषुसर्वत: पृष्ठेष्वनुत्तमेषूत्तमेषुले।केष्विदं वावतद्यदिदमस्मिन्नन्त:पुरुषेज्योतिरिति। शांडिल्य विद्या में भी ब्रह्मही ज्योति: शब्द से कहा है। श्रुति। ब्रह्मतस्मादिहज्योतिरिति। और कार्यो में भी ज्योति: शब्द कहा है। श्रुति येनसूर्यस्तपतितेजसेद्धइति वाचैवायंज्योतिषास्तेमनोज्योतिर्युषतामिति तमेवभांतमनुभांतिसर्वं तस्यभासासर्वमिदंविभाति तदेवज्योतिषांज्योतिरायुर्होपासतेऽमृतमिति मन्त्र एतावानस्य महिमाततोज्यायांश्चपूरुष: पादोस्यविश्वाभूतानित्रिपादस्यामृतन्दिवीत्यादि॥

छन्दोभिधानान्नेतिचेन्नतथाचेतोर्पण निगदात्तथाहिदर्शनम् ॥ २५ ॥

छन्दो वृत्तं अभिकथनात् न इति चेत् यदि न तथा चेतः चित्तं अर्पणं समाधानं निगदात् उक्तः तथाहि दर्शनं गायत्र्याख्यछन्दोद्वारेण तदनुगते ब्रह्मणि चित्तसमाधानमनेनब्राह्मणवाक्येननिगद्यतेइत्यर्थः । गायत्री नाम छन्द के कहने से ब्रह्मज्योतिः नहीं है सो मत कहो क्योंकि गायत्रीद्वारा ब्रह्म में चित्त लगाने के लिये कहा है। जैसा कि ऋग्वेद में देखा है कि ऋग्वेदी ब्रह्म को वड़े उक्थ में मन न करते हैं तैसेही गायत्री में जानो । यह अर्थ इससे है कि ।

यथैतंह्येवबह्वृचामहत्युक्थ्येमीमांसते । एतमग्नावध्वर्यवः । एतंमहाव्रतेछन्दोगा इत्यादि । कर्मठ याग में उपासते हैं । यथा अग्निमीलेपुरोहितमित्यादि ऋग्वेदे । अग्निमीडे इत्यादि सान्नि च । याज्ञिक यज्ञ में । जैसे । यज्ञोवैस इस श्रुति से ऐसेही अन्य ठौर जानो । इससे ज्योतिः शब्द से ब्रह्मही कहा है नकि छन्द ॥ गायत्रीवाइदंसर्वंभूतंयदिदंकिंचेति यथा सर्वंखल्विदं ब्रह्मेति । गायत्रीशब्द से साक्षाद्ब्रह्म कहा है सङ्ख्या की बराबरी से जैसे छह अक्षर के पदों में गायत्री चतुष्पदा है तैसे ब्रह्म भी चतुष्पात् है इस पक्ष में ब्रह्मही कहा न कि छन्दः ॥

भूतादिपादव्यपदेशोपपत्तेश्चैवं ॥ २६ ॥

भूत पृथिवी शरीर हृदय जे चार पाद और वाक् प्राण जे दो मिला के गायत्री वर्णन की है यह भी कहिना ठीक

नहीं है क्योंकि गायत्री एक छन्द का नाम है फिर वह सब भूतों का आदि नहीं हो सक्ता है इस लिये गायत्री में घुसा चेतन सब कार्यों का कर्त्ता सम्भव है यह अर्थ इससे लिया है कि । भूत पृथिवी शरीर हृदयानिसैषाचतुष्पदाषड्विधागायत्री-तियद्वैतद्ब्रह्मेति पञ्चब्रह्मपुरुषाइतिचसुषुम्निषुब्रह्मपुरुषाः । हृदयमें चार ओर चारछिद्र हैं और एक ऊपर है यही ब्रह्म पुर श्रुतिने ध्यानार्थ कल्पा है ॥

उपदेशभेदान्नेतिचेन्नोभयस्मिन्नप्यवि-रोधात् ॥ २७ ॥

श्रुति में भेद कहा है तिससे ब्रह्म नहीं है किन्तु ज्योतिः है यह मत कहो क्योंकि एक बस्तु में भी भेद कहने से ब्रह्म में बिरोध नहीं है । जैसे लोकमें आकाशका कल्पित भेद से भेद कहिते हैं कि वृक्ष के आगे से पक्षी उड़ा और वृक्ष में से भी श्येन है तैसेही द्युलोकसे और द्युलोक में कहा है । इन से यह अर्थ लिया है कि परोदिवः । अमृतन्दिवि । इन में पहिली पञ्चमी विभक्ति और दूसरी सप्तमी है किसी मत से गङ्गामें घोषके तुल्य लाक्षणिक दिवि आधार ब्रह्म का है सम्बन्ध असम्बन्धका भेद है यही भेद है ऐसे अविरोधसे ब्रह्मही ज्योतिश्शब्द से कहा है और न कि सूर्यादि ॥

(प्रतर्दनाधिकरण ॥ ११ ॥)

प्राणस्तथानुगमात् ॥ २८ ॥

प्राणः ब्रह्म अनुगमात् बोधनात् ॥

कौषीतकी में इन्द्र और प्रतर्दन के सम्बाद से जाना गया कि इन्द्र ने प्रतर्दन से कहा कि तू मुझ से वर मांग फिर उसने कहा कि मनुष्य को जो हित तम होवे सो मुजि को दे। फिर इन्द्र ने कहा कि मैं प्राण हूं और प्रज्ञात्मा हूं और जो प्राण है वुही आयुः है और जो आयुः है वुही अमृत है और जब तक देह में प्राण रहिता है तब तक आयुः है इस से तू मेरी उपासना कर। फिर इन्द्र के वाक्य में प्राण शब्द से ब्रह्म कहा है न कि प्राण वायु मात्र न देवतात्मा और इन्द्र का अहङ्कार और जीव कहा है। क्योंकि वाक्य में आगे पीछे देखने से प्राण शब्द का वाच्य ब्रह्म माने में हिततम वर आदि और आनन्द अजर अमर आदि का सम्बन्ध सम्भव हो सक्ता है तिससे प्राण पद वाच्य ब्रह्म है। यह अर्थ इससे लिया है कि प्राणोस्मिप्रज्ञात्मातंमामायुरमृतमुपास्स्वेति। अथखलुप्राणएवप्रज्ञात्मेदंशरीरंपरिगृह्योत्थापयतीति नवाचंविजिज्ञासीतवक्तारंविद्यात् अन्तेचसएषप्राणएवप्रज्ञात्मानन्दोजरोमृतइत्यादि॥

नवक्तुरात्मोपदेशादितिचेदध्यात्मसंबन्धभूमाह्यस्मिन्॥ २९॥

वक्तुः इन्द्रस्य आत्मो० स्वोपदेशात् प्राणो न ब्रह्म इति चेत् न अध्यात्मसम्बन्धस्य हिततमत्वादिलिङ्गस्य भूमावाहुल्यं अस्मिन् अध्यायेस्तीतिपदार्थः॥ अवागमना इस श्रुति से। भावा इन्द्र ने अपनी उपासना नहीं करने को कही है आत्मयोग से और इस प्रकरण में ब्रह्म के बहुत चिन्ह है जैसे अयमात्माब्रह्मसर्वानुभूरित्यादि। इससे ब्रह्म का उपदेश करा

है न कि देवता का । यह अर्थ इससे लिया है कि जो मांविद्
नहवैतस्यकेनचनकर्मणालोकोमीयन्तद्दत्यादि । जैसा मेरा लोम
भी नहीं नष्टहुआ ब्रह्म बोधसे तैसा तेरा भी नाश नहीं है ॥

शास्त्रदृष्ट्यातूपदेशोवामदेववत् ॥ ३० ॥

जैसे तत्व मसीति इस शास्त्र को देख वामदेव ऋषि ने ऋग्वेदमें कहा कि मैंही मनु और सूर्य और कक्षीवान् हुआथा तैसेही इन्द्र ने कहा कि जो मैं ज्ञानरूप हूं तू उसको उपासना कर । यह अर्थ इससे लिया है कि अहम्मनुरभवं । इस ऋग्वेदके सूक्तसे वामदेव का मनोर्थ प्रकट है ॥

जीवमुख्यप्राणलिङ्गान्नेतिचेन्नोपासात्रैविध्यादाश्रितत्वादिहतद्योगात् ॥ ३१ ॥

जीवलिङ्गात्मुख्यप्राणलिङ्गात्त्रिविधोपासनंजीवोपासनं १ मुख्यप्राणोपासनं २ ब्रह्मोपासनं ३ जीवश्चमुख्यप्राणश्चतयोर्लिङ्गान्नप्राणोब्रह्मेतिचेत्न कुत:लिङ्गानांप्रतीकत्वेनब्रह्मोपासायोक्तेः भाषा । जीव और मुह की वायु इन्द्रियादि के चिन्ह प्रकट हैं इससे प्राण ब्रह्म नहीं है यह मत कहो क्योंकि बुद्धिप्राणादि उपाधियों के भेद से पृथक् २ ब्रह्म को ही उपासना के लिये कहे हैं इससे यह अर्थ लिया है कि सएषप्राणएवप्रज्ञात्मानन्दएषलोकपालइत्यादि ब्रह्म धर्म है । तिससे प्राण पद से प्रह्मही कहा है और न कि मुह को वायु और इन्द्रियां और जीव इह इस अध्याय मे लिङ्ग विद्यमान होने से नप्राणेनना पानेनमर्त्योजीवतिकश्चन इतरेणतुजीवन्तियस्मिन्नेताउपाश्रिताविति श्रुतेः । आश्रितत्वात् जिस ब्रह्म मे धरे प्राणापान

हैं उसी से जीते हैं ॥

अथवा प्राण धर्म से प्रज्ञा धर्म से ब्रह्म धर्म से जो त्रि-विध उपासन उपाधि दो के भेद से कहा सो एकही इष्ट है तिससे सिद्ध हुआ कि यह ब्रह्म वाक्य है ॥

इति श्रीयुगताराचन्द्रवर्मणा कृतेब्रह्मसूत्रभाषाभाष्ये प्रथमाध्यायस्य प्रथमपादः पूर्णः ॥

दूसरा अस्पष्टपाद है ॥

(मनोमयाधिकरण । १ ॥)

सर्वत्रप्रसिद्धोपदेशात् ॥ १ ॥

लोकेवेदेचप्रसिद्धमनोमयस्यकीर्तनमस्तीति ।

जो ब्रह्म सब वेदान्तों में प्रसिद्ध है सोही मनोमयाधिधर्मों से शांडिल्य विद्या में उपासना के लिये उपास्य कहा है न कि जीव इन से यह अर्थ लिया है कि सर्वंखल्विदंब्रह्मतज्जलानितिशान्तउपासीत सक्रतुंकुर्वीतमनोमयःप्राणशरीरोभारूपइति । असङ्ग ब्रह्म पर वाक्य । अप्राणोह्यमनाःशुभ्रइति सगुण पर वाक्य । अथखलुक्रतुमयःपुरुषोयथाक्रतु*रस्मिंल्लोकेपुरुषोभवति तथेतःप्रेत्यभवति ॥

विवक्षितगुणोपपत्तेश्च ॥ २ ॥

जो उपासना में उपादेय गुण सत्य सङ्कल्पादि कहे हैं ते परब्रह्म में युक्त हैं तिससे मनोमय ब्रह्म है और न कि जीवादि । यअपहतपाप्मासत्यकामःसत्यसङ्कल्पइत्यादि । इससे उपास्य पर उपदिष्ट है ॥

* सङ्कल्प या ध्यान है ॥

अनुपपत्तेस्तुनशारीरः ॥ ३ ॥

और जीव में सत्य सङ्कल्पादि गुणों का असम्भव है तिससे मनोमयादि धर्म्मों से उपास्य नहीं है ॥ श्रुति । यत्कारणंसत्यसङ्कल्पआकाशात्माऽवाक्यनादरोज्यायान्पृथिव्याइत्यादि । जे गुणजीव में सम्भव नहीं है अवाकी इन्द्रियशून्य इत्यर्थः यद्यपि जीव ईश्वर दोनो देह में हैं तोभी जीव केवल देहही में है अन्यत्र वृत्ति के अभाव से और ईश्वर सर्वव्यापक सर्वत्र है जैसा कि ऋग्मन्त्र है । द्वासुपर्णा । ईश्वरविषयक वाक्य ज्यायान्पृथिव्याज्यायानन्तरिक्षादिति आकाशवत्सर्वगतश्चनित्य इत्यादि । तु शब्द निश्चयार्थ है ॥

कर्तृकर्मव्यपदेशाच्च ॥ ४ ॥

श्रुतिः । एतमितःप्रेत्याभिसंभवितास्मीति । एतं मनोमयादि गुणयुक्त उपास्य आत्माही प्राप्य कहा है । अभिसम्भवितास्मीति । शारीरं अर्थात् उपासकं । कर्तृत्वेन । अर्थात् प्रापक कहा है । प्राप्त होता है उपास्य उपासक भाव भी भेदमें बन सक्ता है इससे शारीर मनोमयादि गुणयुक्त नहीं है ।

शब्दविशेषात् ॥ ५ ॥

विभक्ति के भेद से मनोमयादि द्वारा जीव से अन्यही उपास्य है । यथा व्रीहिर्वायवोवाश्यामाकोवाश्यामाकतंडुलोवैवमयमन्तरात्मन्पुरुषोहिरण्मय इति । इसमें शारीर आत्माका वाचक शब्द सप्तम्यंत है । जैसे अन्तरात्मनिति । और इस से अन्यपुरुष प्रथमान्त मनोमयादि विशिष्ट आत्मा का वाचक है जैसे पुरुषोहिरण्मय इत्यादि इससे दोनो का भेद है ॥

स्मृतेश्च ॥ ६ ॥

ईश्वरः सर्वभूतानां हृद्देशेऽर्जुन तिष्ठतीति । इससे भी हृदय में जीव से अन्य ईश्वर उपास्य है ॥

अर्भकौकस्त्वात्तद्व्यपदेशाच्चनेतिचेन्ननि-चाय्यत्वादेवंव्योमवच्च ॥ ७ ॥

अर्भकं वाल्यं अल्पंवा ओको नीडं हृत्स्थानं निचाय्यत्वादेव हृद्पुण्डरीके द्रष्टव्यः वा उपास्यः व्योमवत् यथा सर्वगतमपि सत् व्योमशूचीपाशाद्यपेक्षयार्भकौकोऽणीयश्चव्यपदिश्यते इति । एवमेव ब्रह्मापि । धानयव से भी छोटा कहा है । अणीयान्व्रीहेर्वायवाद्वेति । आराग्रमात्र इति इश्वरही जीव यहां कहा है जैसे सब पृथिवी का पति अवधिपति कहाता है । बालक के हृदयसा और धान जौ से छोटा इत्यादि उपाधियों के भेद से ब्रह्मउपासना के लिये कहा है नकि स्वरूप से जैसा अनन्त व्योम घटाकाशमठाकाशादि से छोटासा कहा है । इससे एषमेआत्मान्तर्हृदय इति ॥

संभोगप्राप्तिरितिचेन्नवैशेष्यात् ॥ ८ ॥

सर्वगतब्रह्म का सब प्राणियों के हृदय में संबन्ध से और चेतनरूप से और एकत्व से और शरीर के अभेद से सुख दुःखादि की प्राप्ति सम्यक् हो अन्य संसारीके न होने सेनान्योऽस्ति विज्ञातेति इससे । फिर सोपाधिक माने से उपाधि धर्म दुःखादि की प्राप्ति न होगी क्योंकि उपाधि बिम्ब में नहीं होती है तिससे ब्रह्म में भोग की गन्ध भी नहीं है जीव ब्रह्म का भेद मिथ्याज्ञान से और सत्यज्ञान से अभेद है इससे । अनश्नन्नन्योभिचाकशीति । कर्त्ता भोक्ता धर्माधर्मसाधन सुख दुःखादिमान् एक है और दूसरा अपहतपाप्मादिमान् है

इसविशेष अर्थात् भेदसे जो सम्बन्ध मात्रहीसे कार्य होता है तो व्योमादि को भी दाहादि होना चाहिये। सर्वगता ने कात्म वादी को भी उक्त चोद्य परिहार समान है और जो शास्त्र जीव पर की एक ता कहिते हैं ते एक ताके द्वारा संयोग की निवृत्ति भी करते हैं। जैसे, तत्वमसि, अहंब्रह्मास्मीत्यादि। जैसे, किसी ने व्योम को मलिन कहा तो क्या वह मलिन-होशक्ता है तिससे वेद में जीव उपास्य नहीं कहा है किन्तु-ब्रह्मही तैसे मिथ्या ज्ञानसे भोग और सम्यक् ज्ञानसे ऐक्य है यही विशेष है तिससे ईश्वर में भोग गन्ध भी नहीं कल्प सक्ता हो॥

(अत्ताधिकरण॥ २॥)

अत्ताचराचरग्रहणात्॥ ९॥

कठवल्ली में सुना है कि जिसके ब्राह्मण क्षत्रिय भात और मृत्यु दाल है वुह जहां है उसको कौन ऐसे जानता है कि ईश्वरही सर्व भक्षा है क्योंकि, अग्निरन्नादइति, इस श्रुति से और लौकिक प्रसिद्धि से अग्निही सर्वात्ता है अथवा तयोरन्य इस श्रुति से अत्ता जीव है न कि ईश्वर है यह मत कहो क्योंकि अनश्नन्निति इस श्रुति ने कर्म फलका भोग वारण किया है न कि विकार संहार तिससे विकारमात्र का संहार ईश्वर मेंही है यस्यब्रह्म चक्षत्रञ्चोभेभवतओदनः मृत्युर्यस्योपसेचनंकइ-त्थावेदयत्रसइति। लोक वेदमें अग्निजीव ईश्वर तीनों भक्षक प्रकट हैं अग्नि जीव सबके भक्षक नहीं है असम्भवसे और ई-श्वर कर्म फलों को छोड़ सब स्थावर जङ्गम विकार जात का

भक्षक संहर्ता है ॥

प्रकरणाच्च ॥ १० ॥

ईश्वर जन्म मरण रहित है इस प्रकरण से संहर्त्ता ईश्वर ही है। यह अर्थ इससे लिया है कि नजायतेम्रियतेवाविपश्चितेत्यादि। और प्रकृतही का ग्रहण न्याय्य है। और दुर्विज्ञानत्व भी परमात्मा का लिङ्ग है। कइत्थावेदयत्रसःइत्यादि इससे अत्ता ईश्वरही है ॥

—*—*—

(गुहाधिकरण ॥ ३ ॥)

—*—

गुहांप्रविष्टावात्मानौहितद्दर्शनात् ॥ ११ ॥

कठवल्ली में सुना है कि सुकृत का फल नर देह है और वुही परब्रह्म की प्राप्ति का स्थान है विद्या शमादि के सम्भव से। फिर देह में या हृदय में ब्रह्म जीव ठहिरे हैं और कर्म फल के पाता है और न कि बुद्धि जीव हैं। जड़ और अजड़ के विरोध से जड़ बुद्धि सुकृत पान नहीं कर सक्ती है चेतन क्षेत्रज्ञ कर सक्ता है एक कर्त्ता अन्य अकर्त्ता इनको देख कह शक्ते हैं कि कर्त्ता चलते हैं उपचार से। जैसे तैसे जीव पाता और ईश अपाता दोनों सङ्ग से पाता कहे हैं तिससे जीव ईश हैं या जीव पीता ईश पिवाता है। छाया और आतप की नाईं। और जीव हृदय में प्रत्यक्ष से और ब्रह्म श्रुति से दिखाता है। गुहाहितङ्गह्वरेष्टंपुराणंयोवेदनिहितंगुहायांपरमेव्योमन्। आत्मानमन्विछगुहांप्रविष्टमिति। जैसे लोक में इस गो का दूसरा लाओ यह कहिने से न घोड़ा

या भैंसा लाता है किन्तु गौ ही लाता है तिससे चेतन जीव ब्रह्म सम स्वभाववाले हैं और न कि विषम स्वभाव-वाले जड़ चेतन बुद्धि जीव हैं । ऋतंपिबन्तौसुकृतस्यलोके । गुहांप्रविष्टौपरमेपरार्द्धे छायातपौब्रह्मविदो वदन्तिपञ्चाग्नयोये-चत्रिणाचिकेताइति ॥

विशेषणाच्च ॥ १२ ॥

जीव मार्गके पार पहुंचानेवाला प्रापक है विष्णु का स्थान पहुंचनके योग्य प्राप्य है फिर इस प्राप्य प्रापकभावसे दोनों विशेषण हैं और ईश्वरही की महिमा जानके शोकसे छुटता है श्रुति सोध्वनःपारमाप्नोतितद्विष्णोःपरमंपदमित्यादि । इससे सिद्ध हुआकि गंता और गंतव्य दोनों चेतन जीव ब्रह्मही हैं और न कि जड़ चेतन बुद्धि और जीव है और पैंगीरहस्यब्राह्मणमेंद्वासुपर्णा । इसका अर्थ बुद्धिजीव कहा है न कि जीव ईश्वर, इससे ऐसे मन्त्र इस अधिकरण के योग्य नहीं है ॥

(उपकोसलाधिकरण ॥ ४ ॥)

अन्तरउपपत्तेः ॥ १३ ॥

छांदोग्य के चौथे अध्याय में सत्य काम नाम गुरु ने उपकोसल नाम शिष्य से कहा कि जो आंख में पुरुष दिखाता है सो अमृत अभय ब्रह्म है क्योंकि अमृतादि गुणों का सम्भव ब्रह्म में हो है और न कि छाया जीव देवता में है । इससे यएषोऽन्तराक्षिणिपुरुषोदृश्यतएषआत्मेतिहोवाचैतदमृतमभयमेतद्ब्रह्मेति । इससे अन्तर ईश्वर उपपन्न है। एतंहि-

सर्वाणिवा*मान्यभि?संयन्ति एषउएव ??वामनीरेषहिसर्वाणि-वामानिनयंतिएषउ एव**भामनीरेषहि सर्वेषुलोकेषुप्रभातीति ईश्वर है ॥

स्थानादिव्यपदेशच्च ॥ १४ ॥

ईश्वर के स्थान रूप नामादि कल्पना से बहुत कहे हैं तिससे नेत्र में ईश्वर है । श्रुति । यःपृथिव्यांतिष्ठन्नित्यादि । नामधरने में और रूप में । श्रुति । तस्योदितिनामहिरण्यश्म-श्रुरित्यादि ॥

सुखविशिष्टाभिधानादेवच ॥ १५ ॥

जो सुख रूप ब्रह्म पहिले वाक्य में कहाथा उसी को नेत्र में उपासना के लिये कहा है तिससे नेत्राधार ईश्वर है । पहिला वाक्य । प्राणोब्रह्मकंब्रह्मखंब्रह्मेति । ऐसा अग्नि का वाक्य सुनके उपकोसल ने कहा कि जाना मैं ने प्राण ब्रह्म है और कं और खं को नहीं जाना है । उत्तरवाक्य यद्वावकंतदेवखंयदेवखंतदेवकमिति ॥

जो ख शब्द विशेषण क शब्द का न होता तो क शब्द का अर्थ विषयेंद्रियजन्यसामय अर्थात् विनाशी सुख होता और जो क शब्द ख शब्द का विशेषण न होता तो ख शब्द का अर्थभूताकाश होता और इतरेतर विशषण से सुखात्मक ब्रह्म कहा है और गार्हपत्यादि । अग्नि अपनी २ महिमा को कहिके फिर कहा कि हे सौम्य तुम से अग्नि विद्या और आ-

---

* कर्मफलानि ॥ ? उत्पद्यन्ते ॥

?? कर्मफलदाता ॥ ** सर्वार्थप्रकाशक ॥

त्मविद्या का उपसंहार कर पहिले कहे ब्रह्म को ही जताती हैं यथा पुष्करपलाशआपोनश्लिष्यन्तएवमेवम्विदिपापकर्मन-श्लिष्यत इति । क सुख का नाम निरुक्ति में है ॥

श्रुतोपनिषत्कगत्यभिधानाच्च ॥ १६ ॥

जो सगुण ब्रह्मोपासक है उसको जो गति श्रुति मे प्र-सिद्ध है तिसका इस सूत्र में चिन्ह कहा है यह सूत्रार्थ है । अथोत्तरेणतपसाब्रह्मचर्येणश्रद्धयाविद्ययात्मानमन्विष्यादित्यम-भिजायन्ते एतद्वैप्राणानामायतनमेतदमृतमभयमेतत्परायणमे तस्मान्नपुनरावर्तन्त इति । अथ यदुच्चैव।स्मिच्छव्यं कुर्वन्ति यदुच-नार्चिषमेवाभिसंभवति इस उपक्रम से आदित्याच्चन्द्रमसं च-न्द्रमसोविद्युतं तत्पुरुषोऽमानवः स एतान्ब्रह्मगमयति एषदेव पथाब्रह्मपथ एतेन प्रतिपद्यमाना इमं मानवमावर्तं नावर्तन्त इति । सारार्थ । सगुणब्रह्मज्ञानी अर्चिरादि मार्ग से ब्रह्मलो-क में जाता है तिससे भी नेत्र में ईश्वरही है । इससे । ते-र्चिषमभिसंविशन्तीति । और नकि कोई उपासक उपासना के काल में अन्य पुरुष को बैठाके अक्षिपुरुष की उपासना करता है तिससे अक्षिस्थब्रह्म निश्चित है ॥

अनवस्थितेरसंभवाच्चनेतरः ॥ १७

और छायात्मा देवता जीव इनमें से एक का भी आंख में संभव नहीं है क्योंकि दूसरे पुरुषके समीप के विना आंख में छायापुरुष नहीं रहि सक्ता है । और अमृतादिगुणोंका भी छाया में संभव नहीं है और मरण नाश सुनने से देवता भी नहीं है अमर चिरकाल रहने से हैं ऐश्वर्य ईश्वराधीन है न स्वाभाविक है जैसा कि । भीषास्माद्वातः पवते भीषोदेतिसूर्यः

भीषास्मादग्निश्चेन्द्रश्चमृत्युर्धावति पञ्चमः इति मन्त्रवर्ण से और अविद्या से जीव में समत्व भयत्व आरोपित है तिससे जीव भी नहीं है और अमृतादि गुणों का जीव में ठिकाना नहीं है तिससे उसको उपासना को क्या चर्चा है। भव्यं सेवेत बुद्धिमान् इस न्याय से भी अक्षिस्थ ईश्वरही उपास्य कहा है तिससे ईश्वरही अक्षिस्थान जानो। यह उपदेश प्ररोचनार्थ है

(अन्तर्याम्यधिकरण ॥ ५ ॥)

अन्तर्याम्यधिदैवादिषुतद्धर्मव्यपदे- शात् ॥ १८ ॥

अन्तर्यामी परात्मा अधिदैवादिषु पृथिव्यादिषु भवितुमर्हतिकुतः तत् तस्य परात्मनःधर्माणांगुणानांव्यपदेशात्कथनात् भाषार्थः, वृहदारण्य के पचये अध्याय में याज्ञवल्क्य ने उद्दालक से कहा कि पृथिव्यादि में अन्तर्यामी ईश्वर है क्योंकि पृथिवी में रहिता है पर उसको पृथिवी नहीं जानती है फिर ज्ञान और अमृतादि गुणों का उसी में सम्भव है। इससे यइमञ्चलोकंपरञ्चलोकंसर्वाणिभूतानियोंतरोयमयति । फिर कहा कि यःपृथिव्यांतिष्ठन्पृथिव्याअन्तरोयंपृथिवीनवेदयस्यपृथिवीशरीरं यःपृथिवीमन्तरोयमयत्येषतेआत्मांतर्याम्यमृतइत्यादि। ऐसे वाक्यों में न कि अधिदैवादि का अभिमानी देवता या योगी याअपूर्वसंज्ञा है किन्तु परमात्मा है अन्तर्यामी अमृतत्व गुण से ॥

नचस्मार्तमतद्धर्माभिलापात् ॥ १९ ॥

कपिलादि की स्मृति से सिद्ध प्रधान अन्तर्यामी नहीं हो सकता है क्योंकि द्रष्टा श्रोतादि गुणों के कहिने से फिर प्रधान में उन गुणों का असम्भव है गौण भी नहीं है मुख्य के संभव होने से गौण मानना अनुचित है। इससे, अदृष्टोद्रष्टा ऽश्रुत:श्रोताऽमतोमन्ता ऽविज्ञातोविज्ञातेति। यद्यपि प्रधान में अदृष्टत्वादि व्यपदेश संभव है तथापि द्रष्टृत्वादि व्यपदेश संभव नहीं है क्योंकि उनने प्रधान अचेतन माना है ॥

शारीरश्चोभयेपिहिभेदेनैनमधीयते ॥ २० ॥

काण्व और माध्यं दिन जे दोनों जीव से अलग ईश्वर को पढ़ते हैं तिससे जीव भी अन्तर्यामी नहीं है और न प्रधान है किन्तु अन्तर्यामी ईश्वर है। काण्व योविज्ञानेतिष्ठन्निति माध्यन्दिन: यआत्मनितिष्ठनात्मानमन्तरोयमयतीति। अणु से अणु और महान् से महान्, पृथिवी व्योमादि सब वस्तु में अन्तर्यामी को कहिने से परात्माही सर्वव्यापक है। अन्तर्यामी है। और न कि विज्ञानमय शारीर है ॥

———*○*———

(भूतयोन्यधिकरण ॥ ६ ॥)

अदृश्यत्वादिगुणकोधर्मोक्तेः ॥ २१ ॥

मुण्डक में जो भूतों का कारण सुना सो ब्रह्म है सर्व-

ज्ञादि गुणों के कहिने से। यहां योनि निमित्तोपादान कारण का नाम है। श्रुति। अथपराययातदक्षरमधिगम्यते यत्तदद्रेश्यमग्राह्यमगोत्रमवर्णमचक्षुःश्रोत्रन्तदपाणिपादं नित्यम्विभुंसर्वगतंसुसूक्ष्मंतदव्ययंयद्भूतयोनिंपरिपश्यन्तिधीराइति। अर्थ। अपर ऋगादि विद्या है कर्म के बोधन से और ब्रह्म बोध से परब्रह्म बिद्या है। अद्रेश्यं अदृश्य है। प्रधान पक्ष में तीसरी प्रधानबिद्या भी कहिनी चाहिये थी। यह ब्रह्मबिद्या अथर्वा नाम जेठे बेटेसे कही थी। यहां भूत योनि प्रधान और जीव है जैसे मकरी से जाला और पृथिवी से औषधि और देह से केशलोमादि होते हैं तैसेही प्रधान से भूतों का जन्म है यह ठीक नहीं है क्योंकि ईश्वरही भूतयोनि धर्मयुक्त सुना है। यः सर्वज्ञःसर्वविद्यस्यज्ञानमयंतपः तस्मादेतद्ब्रह्म नामरूपमन्नंचजायते इति। तिससे अदृश्यादि गुणी ईश्वर ही भूतयोनि है॥

प्लवाह्येतेऽदृढायज्ञरूपा अष्टादशोक्तमवरंयेषुकर्मएतच्छ्रेयोयेभिनन्दन्तिमूढाजरामृत्युन्तेपुनरेवापियंतीति। बिरक्त को पर बिद्या में अधिकार है जैसे परीक्ष्यलोकान्कर्मचितांब्राह्मणोनिर्वेदमायान्नास्त्यकृतःकृतेनेति। स्थूल पृथिवी दृष्टान्त है तैसे दार्ष्टान्तिक भूत योनि स्थूल नहीं मानते हैं॥

विशेषणभेदव्यपदेशाभ्यांचनेतरौ ॥२२॥

इतश्चपरेशएवभूतयोनिर्नशारीरःप्रधानंचेति॥

जीव भूतों का कारण नहीं हो सकता है क्योंकि अमूर्त्त पुरुष बाहिर भीतर इत्यादि विशेषणों से व्यापक ब्रह्मही कहा है न कि परिच्छिन्न जीव। इससे दिव्योह्यमूर्तःपुरुषःस-

वाह्याभ्यन्तरोह्यजःअप्राणोह्यमनाः शुभ्रइति । और प्रधान भी भूतों का कारण नहीं हो सक्ता है क्योंकि प्रधान से भूतों का कारण अलग कहा है । इससे अक्षरात्परतःपरइति अक्षरं अव्याकृतं नामरूपबीजशक्तिरूपं भूतसूक्ष्ममीश्वराश्रयन्तस्यैवोपाधिभूतंसर्वस्मात्विकारात्परोयअविकारस्तस्मात्परतःपर इतिभेदेनव्यपदेशात्परमिहविवक्षितन्दर्शयतीतिसंस्कृतमाश्रितम् ॥

रूपोपन्यासाच्च ॥ २३ ॥

भूतयोनिका रूप सब विश्व कहा है तिससे भूतयोनि ईश्वरही है । इनसे । पुरुषएवेदम्विश्वङ्कर्मेति अग्निर्मूर्द्धाचक्षुषीचन्द्रसूर्यौदिशःश्रोत्रेवाग्विवृत्ताश्चवेदावायुःप्राणोहृदयम्विश्वमस्यपद्भ्यांपृथिवीह्येषसर्वभूतान्तरात्मेति । आग सिर नेत्र चन्द्र सूर्य दिशा कान बाणी वेद वायु प्राण हृदय विश्व पाद पृथिवी जिसके सोही सब भूतों का अन्तरात्मा है । मन्त्र । हिरण्यगर्भःसमवर्तताग्रेभूतस्य जातः पतिरेकआसीत्सदाधारपृथिवींद्यामुतेमांकस्मैदेवायहविषाविधेम ॥

वृत्तिकार मत में यह रूप का कथन नहीं है किन्तु जायमान प्रपञ्च का वर्णन है आगे पीछे सृष्टि का वर्णन है तिससे बीच में भूतयोनि के रूप का वर्णन अनुचित है । इससे एतस्माज्जायतेप्राणोमनःसर्वेन्द्रियाणिचखंवायुर्ज्योतिरापःपृथिवीविश्वस्यधारिणीति । आगे पीछे । तस्मादग्निसमिधोयस्यसूर्यइत्यादि । अतश्चसर्वाओषधयोरसाश्च । यह अन्त में कहा है इस पक्ष में सर्व रूपोपन्यास ईश्वर कीप्रतिपत्ति के लिये है ॥

(वैश्वानराधिकरण ॥ ७ ॥

वैश्वानरःसाधारणशब्दविशेषात् २४

वैश्वानरःसर्वात्मपुरुषइत्यर्थः ॥

छान्दोग्य से वैश्वानर विद्या में वैश्वानर की उपासना सुनी है यस्त्वेतमेवंप्रादेशमात्रमभिविमानमात्मानंवैश्वानरमुपास्ते। संशय जाठराग्नि या भूताग्नि या भूताग्न्यभिमानी देवता या शारीर या परमेश्वर वैश्वानर है आत्मा और वैश्वानर दोनों साधारण शब्द हैं वैश्वानरशब्द तीन में साधारण हैं आत्मशब्द दो में साधारण हैं तो भी विशेष है ॥ सब पापों की हानि सुन्ने से । प्राचीनशालसत्ययज्ञेन्द्रद्युम्नजनबुडिल इन पांच ने उद्दालक से पूछा उसने मने करा तो इन्होंने अश्वपति कैकेय राजा से पूछा उसने सब की परीक्षा कर द्यु सूर्य वायु गगन वारि पृथिवी इन को कहा तो उसने सब की निन्दा कर ईश्वर बताया था तिससे ईश्वर वैश्वानर है ॥

स्मर्यमाणमनुमानंस्यादिति ॥ २५ ॥

जो स्मृतियों से सुधि दिया गया रूप ईश्वर का सो बोधक लिङ्ग है । द्यांमूर्द्धानंयस्यविप्रावदन्तीत्यादि । अर्थ । ब्राह्मण द्युलोक को सर्वात्मक पुरुष का सिर कहिते हैं । खंवैनाभिं चन्द्रसूर्यौचनेत्रेदिशःश्रोत्रेविद्धिपादौचितिञ्च । सोऽचिन्त्यात्मा सर्वभूतप्रणेता । यस्याग्निरास्यंद्युमूर्द्धाखंनाभिश्चरणौक्षितिः । सूर्यश्चक्षुर्दिशःश्रोत्रेतस्मैलोकात्मनेनमः इत्यादि सब पहिले अपना मूल भूत वेद का अनुमान कराते हैं फिर ईश्वर को ही वैश्वानर बताते हैं ॥

शब्दादिभ्योऽन्तःप्रतिष्ठानान्नेति चेन्न- तथादृष्ट्युपदेशादसंभवात्पुरुषमपिचै नमधीयते ॥ २६ ॥

संस्कृतमधिकृत्य । वैश्वानराग्निशब्दादिभ्यः अन्तः अन्तर- स्थानात् न वैश्वानर ईश्वरः इति चेन्न कुतः तथादृष्ट्युपदेशात् । जाठरे ईश्वर दृष्ट्युपदेशात् असंभवात् द्युमूर्द्धत्वादेर्जाठरेसम्भवा- भावात् एनं पुरुषं अधीयते पठन्ति वाजसनेयिन इति शेषः गा- र्थः येतुपुरुषविधमपीतिसूत्राङ्गम्पठन्तितेषामेषोर्थः केवल जाठर परिग्रहेपुरुषेऽन्तःप्रतिष्ठितं केवलंस्यात्नपुरुषविधत्वमिति श- ब्दः वैश्वानरशब्दोनपरेसंभवतिअर्थान्तरेरूढत्वात् तथाग्निशब्दः सएषोग्निर्वैश्वानर इत्यादि पुरुष के जाठर में भी सुना है पुरुषेन्तःप्रतिष्ठितंवेदेति और मूर्द्धैवसुतेजा यहां परमात्मा वै- श्वानर है । तो यह निर्णय कैसे होगा क्योंकि दोनोंमें विशे- ष भान हो तो परमेश्वर वैश्वानर हो न जाठर अथवा भूता ग्नि का सम्बन्ध सर्वत्र है तिससे वह है । जैसे योभानुनापृथि- वींद्यामुतेमामाततानरोदसीअन्तरिक्षमिति नतथादृष्ट्युपदेशा- दिति शब्दादि कारणों से परमेश्वर का निषेध युक्त नहीं है पर दृष्टि जाठर वैश्वानर में कही है । जैसे । मनोब्रह्मेत्युपा- सीत् अथवा जाठर उपाधिवाला ईश्वर देखने को कहा है । जैसे । मनोमयःप्राणशरीरोभारूपइत्यादि असम्भवात् द्युमूर्द्धैव सुतेजा इन विशेषणों का जाठर में असम्भव है जाठर माने से केवल पुरुष के भीतर ठहिरा न पुरुष और वाजसनेयि वैश्वानर को पुरुष पढ़ते हैं । सएषोग्निर्वैश्वानरोय त्पुरुषः स

योऽहैतमेवमग्निम्वैश्वानरम्पुरुषविधम्पुरुषेंतः प्रतिष्ठितम्वेदेति । ईश्वर तो भीतर बाहिर सब ही सक्ता है ॥

भावार्थः । वैश्वानर अग्नि शब्दादि के भीतर रहिनेवाले को कहिते हैं तिससे वैश्वानर ईश्वर नहीं है सो नहीं है किन्तु पेट की आग में ईश्वर बुद्धि कही है और जो पेट की आगही वैश्वानर है तो उसमें द्युलोकादिका सिरादि अङ्ग होना सम्भव नहीं है और वाजिसनेयिशाखावाले वैश्वानर को पुरुष पढ़ते हैं सूत्र में आदि शब्द से हृदय की अग्नि चेता का कल्पन है । श्रुति । सएषोऽग्निर्वैश्वानरइत्यादि ॥

अतएवनदेवताभूतंच ॥ २७

द्युमूर्द्धत्वादिकल्पनादेवेत्यर्थः देवता आदित्यः भूतं भौमाग्निरितिपदार्थः । भाषा । उक्त हेतु से सूर्य और आग वैश्वानर नहीं हो सक्ते हैं क्योंकि उन में आत्मा का असम्भव होने से ॥

साक्षादप्यविरोधंजैमिनिः ॥ २८ ॥

पहिले जाठराग्निप्रतीक वा जाठराग्न्युपाधिक ईश्वर उपास्य कहा था अवतो दोनोंसे मुक्त साक्षात्परमेश्वर उपास्य है इस में कछु विरोध जैमिनि नहीं मानते हैं योगवृत्तिसे ॥

अभिव्यक्तेरित्याश्मरथ्यः ॥ २९ ॥

जो हृदयादि स्थानों में वितीभर ईश्वर श्रुति से अभिव्यक्त सुना है सो स्थानकी अपेक्षा से अभिव्यज्यमान है और न कि स्वरूप से । क्योंकि अतिमात्र होने से । और उपासकों के कल्याणार्थ प्रादेशमात्र परिमाण कहा है यह आश्मरथ्य का मत है ॥

अनुस्मृतेर्बादरिः ॥ ३० ॥

जो ईश्वर अप्रादेश मात्र है उसको प्रादेशमात्रअनुस्मरणके लिये कहा है श्रुति ने जैसे सेर से तोले धान सेरभर कहाते हैं तैसे ईश प्रादेशमात्र हृदय कीअपेक्षा से है॥ यह बादरि का मत है॥

सम्पत्तेरितिजैमिनिस्तथाहिदर्शयति ॥ ३१ ॥

सम्पत्तिरुपास्तिरित्यर्थः ब्राह्मण प्रादेशमात्रमिहवैदेवाःसुविदिताइत्यादि ॥ सिर से ठोडी तक अङ्गों में अपने अङ्गोंपर हाथ धरर राजा ने प्राचीनशालादि से वैश्वानर कहा है सो उपासनाके लिये प्रादेशमात्र ईश्वर कहा है सर्बशाखा प्रत्यय से यह जैमिनि का मत है ॥

आमनन्तिचैनमस्मिन् ॥ ३२ ॥

संस्कृतमाश्रित्य जाबालामूर्द्धचिबुकान्तरालेपीश्वरंपठन्ति भाषाभणिति। जाबालसिर और ठोडीके बीच ईश्वर के द्युप्रभृति सब अङ्गों को कल्पना करते हैं यह उपास्य श्रवणादि से सेव्य है। अविमुक्तबद्ध जीव के स्वरूप में और ध्यानादि से मन रोकने के लिये और उपासकों को ब्रह्मलोक में पहुंचाने के लिये ईश विमान है मान के वियोग से। और सब विश्व का कारण होने से अभिमिमीता है। श्रुति। यएषोनन्तोव्यक्तआत्मासोविमुक्तेप्रतिष्ठित इत्यादि ॥

श्रुति का अर्थ लिखता हूं सो विमुक्त किस में स्थित है उत्तर। बरणा और नासी के बीच में स्थित है। फिर कौन

वरणा और कौन नासी है। उत्तर सब इन्द्रियों के पापों को वारण करे सो वरणा और नाश करे सो नासी है। फिर पूछा कि इनका स्थान कहां है। उत्तर। भौंह और नाक की सन्धि है सोही द्युलोक और पर की संधि है तिससे युक्त है परमेश्वर में वितीभर का सुनना इति। तिससे वैश्वानर और अग्नि दोनों शब्द ईश्वरही के वाचक हैं॥

इति श्रीयुक्ताराचन्द्रवर्मणा कृतब्रह्मसूत्रभाषाभाष्ये प्रथमाध्यायस्यद्वितीयःपादःपूर्णः॥

तीसरा ज्ञेयलिङ्गपाद॥

(द्युभ्वाद्यधिकरण॥ १॥)

द्युभ्वाद्यायतनंस्वशब्दात्॥ १॥

संस्कृतभाष्यि। द्यौश्चभूश्चद्युभुवौस्तस्तावादिर्यस्यतदिदंद्युभ्वादि तस्यायतनमाधारोब्रह्मास्तिकुतः स्वशब्दादात्मशब्दादित्यर्थः। भाषार्थ। मुण्डक से सुना है कि जिस आधार में द्युलोकादि सब वस्तुधरी है उस आत्मा को जानों और सब अनात्मतर्कादि विद्याओं को छाड़ो क्योंकि वे मुक्ति का कारण नहीं है फिर सब का धार ब्रह्म है ब्रह्म वाचक आत्मशब्द कहिने से। इससे यस्मिन्द्यौःपृथिवीचांतरिक्षमोतंमनःसहप्राणैश्चसर्वैस्तमेवैकंजानथआत्मानमन्यावाचोविमुञ्चथामृतस्यैषसेतुरिति। सेतु यहां पर ब्रह्म या अर्थान्तर है अर्थान्तरस्मार्तं प्रधान है ब्रह्म अनन्त अपार सुन्ने से धारणार्थक है

कि पारवान् है षिञ् बन्धन कर्मा धातु से सेतु बना है और वायुर्वैगौतमतत्सूत्रंवायुनावैगौतमसूत्रेणायञ्चलोकःपरश्चलोकःसर्वाणिचभूतानिसंदृब्धानिभवन्तीति। इसने विश्व का बिधारक वायु कहा है। जीव सब का भोक्ता है। इससे भोग्य पांच का स्थान है। छान्दोग्य में ब्रह्म स्थान सुना है कि तन्मूलाःसोम्येमाःसर्वाःप्रजाःसदायतनाःसत्प्रतिष्ठाइति। एक रस है ब्रह्म न कि वृक्ष सा वहु विधक्षेय है। जैसे। मृत्योःसमृत्युमाप्नोतियइहनानेवपश्यतीति। ऐक्य प्रपञ्च के बिलापनार्थ है न कि अनेक रूप रस ब्रह्म कहिने के अर्थ है। जैसे, सर्वंखल्विदंब्रह्मेति। ब्रह्म स्वरूप जताने के लिये श्रुति है कि जैसे, नोन का ढेला भीतर बाहिर एक रस है तैसेही ब्रह्म सर्वत्र ज्ञानघन है। श्रुति। सयथासैंधवघनोऽन्तरोऽवाह्यःकृत्स्नोरसघनएवैवं वा अरेयमात्मानन्तरोऽवाह्यः कृत्स्नः प्रज्ञानघनःइति। और से तु शब्द से सांख्य प्रधान लेते और वेदान्ती अनन्त अपार ब्रह्म लेते हैं। अन्य मत में एक का ज्ञान आत्मज्ञान है और वाग्विमोचन अमृत का साधन है इससे द्युभ्वादि का स्थान ब्रह्म से अन्य है॥

मुक्तोपसृप्यव्यपदेशात् ॥ २ ॥

मुक्तैरुपसृप्यंप्रत्यक्त्वेनप्राप्यंयद्ब्रह्मतस्याचोक्तेरितिसूत्रार्थः॥

भाषा। जिससे रागद्वेषादि शून्य मुक्त ब्रह्म को ही प्राप्त होता है तिससे आत्म शब्द ब्रह्मवाचक है और न कि प्रधानादि। श्रुति। विद्वान्नामरूपाद्विमुक्तःपरात्परंपुरुषमुपैतिदिव्यमिति। अर्थ। ज्ञानी नाम रूप से छुट के सब से श्रेष्ठ

* ग्रथितानि॥

ब्रह्म को पहुंचता है। श्रुति॥

यदासर्वेप्रमुच्यन्तेकामायेस्यहृदिश्रिताः अथमर्त्योमृतोभवत्यत्रब्रह्मसमश्नुतेइत्यादि। श्रुतियों से मुक्त का जाना ब्रह्म मेंही सुना है न कि प्रधान में कहीं किसी से। कामाअर्थात्स्वर्गादि सुख फले का अथवा निषिद्ध विषय से बनेका वायु में मुक्त की प्राप्ति के लिये कोई शब्द नहीं है तिससे वह भी द्युभ्वादि का स्थान नहीं है। तमेवधीरोविज्ञायप्रज्ञांकुर्वीतब्राह्मणःनानुध्यायाद्बहूञ्छब्दान्वाचोविग्लापनंहितदिति। ज्ञान का प्रतिबन्धक कर्मकाण्डादि से विमुख हो तत्वपुराणेतिहास से भी हाथ धोवे जो काल धन खोने को ही है। भूमा।

नानुमानमतच्छब्दात्॥ ३॥

अनुमानंप्रधानंतस्याचेनस्यप्रतिपादकः शब्दःतच्छब्दःनतच्छब्दोऽतच्छब्दःतस्मात्॥

अचेतन को कारण और आधार कहिनेवाला वेद में कोई शब्द नहीं है। और चेतन को कहिनेवाला वैशेषिक हेतु है तिससे आत्मशब्द का अर्थ प्रधान नही है। श्रुति। यःसर्वज्ञःसर्वविदिति॥

प्राणभृच्च॥ ४॥

न पिछिले सूत्र से इस सूत्र में लिया है। यहां आत्मशब्द जीव का वाची नहीं है सर्वज्ञादि गुणों के असम्भव से यद्यपि प्राणभृत् विज्ञानात्मा चेतन है तथापि उपाधि से परिछिन्न है इससे द्युभ्वादि का आधार नहीं हो सक्ता है और न कि वाय्वादि सूत्रात्मा है॥

भेदव्यपदेशाच्च॥ ५॥

प्राणभृत् मुमुक्ष ज्ञाता है और आत्मशब्द वाच्य ब्रह्मज्ञे-य है इस भेद के उपदेश से ब्रह्म सब का आधार है और न कि प्राणभृत् तमेवैकंजानथआत्मानमित्यादि ॥

प्रकरणात् ॥ ६ ॥

प्रस्तावात् ॥

ईश्वर का प्रकरण है कि हे भगवन् किस एक के जाने से सब जाना जाता है इस उपक्रम से और ब्रह्मवेदी ब्रह्म है इस उपसंहार तक ब्रह्म का प्रकरण है तिससे यहां आत्मा ब्रह्म है और न कि जीव है। श्रुति। कस्मिन्नुविज्ञातेसर्वमिदंविज्ञातं भवतीति। ब्रह्मवेदब्रह्मैवभवतीति। परमात्मा के जाने से सब जाना जाता है न कि केवल प्राणभृत् के जाने से सब जाना जाता है॥

स्थित्यदनाभ्यांच ॥ ७ ॥

द्युभ्वाद्यातन के प्रकरण में स्थिति और भक्षण कहा है। तयोरन्य:पिप्पलमिति। इससे कर्म फल भोग कहा है। अनश्नन्नन्योभिचाकशीति। इससे अन्य ईश्वर उदासीन कहा है। फिर वे ईश्वर और क्षेत्रज्ञ हैं अन्यथा अप्रकृत आकस्मिक असंबद्ध वाक्य और इस मन्त्र के व्याख्यातापैंगीउपनिषत्कारने*सत्व और क्षेत्रज्ञ कहे हैं। फिर सत्वादि उपाधि का अभिमानी प्रतिदेह भिन्नर है तिससे वुह स्थान नहीं हो सक्ता है। और सत्वोपाधि से प्राणभृत् भी घटादि छिद्रवत् औपाधिक है फिर सिद्ध हुआ कि भूम विश्वाधार है। गुहांप्र-

*बुद्धि

विष्टाविति । इस सूत्र से ही यहां अर्थ पूरा हो चुका था फिर प्रपञ्चार्थ यहां कहा है ॥

(भूमाधिकरण ॥ २ ॥)

भूमासंप्रसादादध्युपदेशात् ॥ ८ ॥

संस्कृतमाश्रित्य । वहोर्भावोभूमालक्षणयावहुत्व, गुण की धर्मी । परमात्मैवकुत:सम्यक्प्रसीदत्यस्यामवस्थायामिति । संप्रसाद: सुषुप्ति: तस्यांसंप्रसादावस्थायांस्थित:प्राणोलक्ष्यते संप्रसादात्प्राणादधिउपरिप्राणोपासनं निरस्यव्रह्मरूढमत्यशब्देन-पृथगुपक्रमादित्यर्थ: ॥

प्राण भूमा है या परमात्मा भूमा है सर्वत्र यही बीज है कि किसका उपादन न्याय्य है और किस का हान संशय में प्राणोवाआशायाभूयानिति । इससे प्राण भूमा है । श्रुतंह्येव-मेभगवद्दृशेभ्यस्तरतिशोकमात्मविदितिसोहंभगव:शोचामितं-माभगवांच्छोकस्यपारन्तारयत्विति । इस प्रकरण में परमात्मा भूमा कहा है । तस्मैमृदितकषायायतमस:पारंदर्शयति-भगवान्सनत्कुमार: तम:शोकादि का हेतु अविद्या है। भाषा छान्दोग्य के सतये अध्याय में सनत्कुमार ने नारद को वाक् मन नामादि प्राणांत वहुत तत्वों का उपदेश आगे२ कर अन्ति में प्राणही भूमा कहा था । तिससे जाना जाता है कि प्राण और भूमा का भेद नहीं है तिससे प्राणही भूमा है और प्राणोपासक सत्यवादी है और जो सत्यवादिता है सो ही भूमा है । यह मत कहो । क्योंकि । सत्य वदन में हेतु प्रा-

णापासन था सो श्रुति ने तु शब्द से निवृत्त कर और जो मुख्य सत्यवदनमें ब्रह्म हेतु है उसका सत्य शब्द से पृथक् ग्रहण किया है और जानने के लिये महोपक्रम में परमात्मा कहा है। इससे। तरतिशोकमात्मविदिति। भूमात्वेवविजिज्ञासितव्यइति। भूमानंभगवोविजिज्ञासइति। यत्रनान्यत्पश्यतिनान्यच्छृणोतिनान्यद्विजानातिसभूमा। अथयत्रान्यत्पश्यत्यन्यच्छृणोत्यन्यद्विजानातितदल्पमित्यादि। एषतुवाअतिवदतियःसत्येनातिवदतीति। कोई कोसत्य कहिनेसे सत्य वचन इष्ट है और कोई को, सत्यंज्ञानमनन्तंब्रह्मेति। इस मन्त्र से ब्रह्म इष्ट है सत्य शब्द से॥

श्रुति प्राणाग्निकाजागरण सुषुप्ति मे दिखाती है। प्राणाग्नयएवैतस्मिंपुरेजाग्रतीति सुख भी सुनाती है यदैषदेवःस्वप्नान्नपश्यत्यथयदैतस्मिंच्छरीरेसुखम्भवतीति। अमृत भी प्राण को कहती है। प्राणोवाअमृतमिति। जैसे। चक्र की नाभि में अराधरे हैं। तैसे। प्राण में सब धरा है। यथावाअरानाभौसमर्पिताएवमस्मिन्प्राणेसर्वंसमर्पितमिति। प्राण पिता माता भ्राता स्वसाआचार्य और प्राणही सब का कर्त्ता है तिससे प्राण भूमा है। यह मत कहो। भूमा परमात्मा है।

श्रुति में सत्य पद से परब्रह्म कहा है। सत्यंज्ञानमनन्तंब्रह्मेति। तैसेही बोधित नारद से विज्ञानादि साधनों की परम्परा द्वारा भूमा कहा है। फिर जो प्राणसे अधिवक्तव्य प्रतिज्ञात था वुही भूमा कहा है। इस प्रकरण में प्राण आत्मा नहीं विवक्षित। क्योंकि प्राण मुख्य वृत्ति से आत्मा नहीं हो सक्ता है। परमात्मा के ज्ञान विना और ज्ञानसे शोक नहीं छूटता है। नान्यःपन्थाविद्यतेऽयनायेति। ब्राह्मण प्राण का

स्थान आत्मा को कहता है। आत्मन:प्राण:। प्रकरण की पू
र्ति तक भूमा ही का अनुकर्ष है। सभगव:कस्मिन्प्रतिष्ठि
इतिस्वेमहिम्नीत्यादि॥

धर्मोपपत्तेश्च॥ ९॥

जो धर्म भूमा में सुनते हैं ते परमात्मा में युक्त होते हैं
जैसे, आपही आप देखता सुनता जानता है जो सहज ध
द्वैतके निषेधसे पर में सम्भव हैं और सुषुप्ति में सुखरूप आत्म
ही कहा है। इससे, एषोऽस्यपरमानन्दएतस्यैवानन्दस्यान्य
निभूतानिमात्रामुपजीवन्तीति। सामय सुख के निरास से
ब्रह्मही भूम सुखरूप कहा है अद्वय मत में द्वैत में भूम सुख
वत् ब्रह्म है और जैसे भूमा में दर्शनादि व्यवहार का निषे
ध श्रुति ने किया है तैसेही परमात्मा में भी है। यत्रत्वस्य
सर्वमात्मैवाभूत्तत्केनकम्पश्येदिति। तिससे अद्वैत पर भूमा है

सामय सुख निराकरण कर ब्रह्मही निरामय सुख भू
दिखाती है। यो वैभूमेति यो वैभूमातदमृतमिति। यहां पर
कारण अमृत है विकारों में आपेक्षिक अमृतत्व है अतोन्य
दार्तमिति। सत्यत्व स्वमहिमप्रतिष्ठितत्वसर्वगतत्वसर्वात्मत
जो सुने धर्म परमात्मामें घटते हैं न और में तिससे भूमा प
मात्मा है॥

(अक्षराधिकरण॥ ३॥)

अक्षरमंबरान्तधृते:॥ १०॥

अक्षर वर्ण है या ईश्वर है। यह संशय है यह विषय अ

कार है ॐकार एवेदंसर्वमित्यादि । तिससे अक्षर वर्ण हैं यह मत कहो क्योंकि ब्रह्म की प्रतिपत्तिका साधन ॐकार हैं । तिससे उसका स्तव है तिससे नित्य और व्यापि अक्षर ब्रह्म है। और न कि लोक सिद्ध प्रणवादि वर्ण हैं क्योंकि बृहदारण्य के पचये अध्याय में गाथा है कि याज्ञवल्क्य ने गार्गी से कहा कि अक्षर में ब्रह्मवादी स्थूलाणु ह्रस्वादि विश्व के सब धर्मों का निषेध करते हैं और इस अक्षर में अव्याकृत धरा है और धरादि व्योमान्त का धारक है सन्दंश रीति से अन्य प्राणीका भी धारक है तिससे अक्षर ब्रह्म है । श्रुति । कस्मिन्नुखल्वाकाशओतश्चप्रोतश्चेतिमहोवाचैतद्वैतदक्षरंगार्गिब्राह्मणा अभिवदन्त्यस्थूलमनण्वह्रस्वमिति । एतस्मिन्नुखल्वक्षरेगार्ग्याकाशओतश्चप्रोतश्चेति । अक्षरंब्रह्मकुत:पृथिव्यादिव्योमान्तधारकत्वात् ॥

साचप्रशासनात् ॥ ११ ॥

साचव्योमान्तधृति:पारमेश्वरमेवकर्मकुत:प्रशासनादिति । श्रुति । एतस्यैवाक्षरस्यप्रशासनेगार्गिसूर्याचन्द्रमसौविधृतौतिष्ठतइति । यह धरना घड़े में घी की नाईं प्रधानादि का नहीं सम्भव है किन्तु चेतन को शासन रूप सम्भव है ॥

अन्यभावव्यावृत्तेश्च ॥ १२ ॥

प्रधानादिभ्योभेदाच्च ॥

तद्वाएतदक्षरंगार्ग्यदृष्टंद्रष्टृश्रुतंश्रोत्रमतंमन्तृविज्ञातंविज्ञात्रिति । इससे अदृष्टत्वादि प्रधान में सम्भव हैं और द्रष्टृत्वादि का कहिना सम्भव नहीं है अचेतन से जैसे नान्यदतोस्ति द्रष्टृ इत्यादि न शरीर है उपाधि के निषेध से । जैसे, अवाग-

मन इत्यादि। प्रधानादि जड़वर्ग से शासिता अक्षर भिन्न है तिससे अक्षर ब्रह्म है। द्रष्टृत्वादि अचेतन में नहीं सम्भव है नान्यदतोस्तिद्रष्टृनान्यदतोस्ति श्रोतृनान्यदतो स्तिमंतृनान्यदतोस्तिविज्ञातृ इति। इससे आत्मभेदका प्रतिषेध है सोपाधिक शारीर भी अक्षरका अर्थ नहीं है। अचक्षुष्कमश्रोत्रमवागमन। इससे उपाधिमत्ताका प्रतिषेध है शारीर निरुपाधिक होताही नहीं है तिससे परब्रह्माक्षर है यही निश्चय है॥

(प्रश्नाधिकरण॥ ४ ॥)

ईक्षतिकर्मव्यपदेशात्सः॥ १३॥

परएवायंसम्यग्दर्शनविषयभूतकर्मत्वेनव्यपदिष्टःसएवेह परपुरुषपदाभ्यामभिध्यातव्यः। प्रश्नोपनिषत् में सुना है कि जो ॐ इस अक्षर से पर पुरुष का ध्यान कर्ता है सो साम कमलासन के लोक में पहुंचाया जाता है। इस में ध्येय वस्तु हिरण्यगर्भ नाम अपर ब्रह्म या परब्रह्म है इस संशय अपर ब्रह्म प्राप्त है कमलासन लोक की प्राप्ति फल सुनने इससे कहा कि परब्रह्म धेय है जिस उपासना से ब्रह्मलो प्राप्त उपासक सब जीव समष्टि रूप से और हिरण्यगर्भ से श्रेष्ठ सब प्राणियों के हृदय के ईशान को देखता है। फिर द्रष्टव्य है सो हि परमात्मा है और उसका पर और पुरुष न दो शब्दोंसे कथन है तिससे ब्रह्मही ध्येय है। श्रुति। यः पु नरेतत्त्रिमात्रेणोमित्यनेनैवाक्षरेणपरं पुरुषमभिध्यायीत सते सिसूर्येसम्पन्नःससामभिरुन्नीयतेब्रह्मलोकमिति। सएतस्माज्ज

वघना*त्परात्परंपुरिशयंपुरुषमीचते स कर्त्ता पुरुषं कर्म ईचति-क्रिया ईचदर्शनांकनयोःधातुः । इस में जीव घन शब्द से को-ई ब्रह्मलोक लेते, कोई विषयेन्द्रियों से पर जीव घन लेते हैं जीवों का संघात वहां होने से, कोई मूर्ति जीव लक्षण जीव घन कहिते हैं ॥

एतद्वैसत्यकामपरञ्चापरञ्चब्रह्मयदोंकारस्तस्माद्विद्वानेतेनैवायतनेनैकतरमन्वेति । इस में सगुण निर्गुण ब्रह्मध्यातव्य कहे हैं । सूत्रयोजना ॐकारेणैवाभिध्येयःसपरएवात्मावाक्यशेषेईचणीयत्वात्तरच्चश्रुतिप्रत्यभिज्ञानात्सएवायमिति । कोई ब्रह्म को जीव घन कहते हैं जीव समूह उस में रहने से । इससे परे परमात्मा ईचण कर्म है वही ध्यातव्य है परन्तु पर पुरुष परमात्माही है पुरुषान्नपरंकिंचित्साकाष्ठासापरागतिरितिश्रुतेः । जैसे, सर्प त्वचा से छुटता है तैसे परब्रह्म के ध्यान से सब पाप छुटते हैं । यथापादोदरस्त्वचाविनिर्मुच्यतएवंहवैसपाप्मनाविनिर्मुक्तइत्यादि । परके ध्यान से ब्रह्मलोक देश में परिछिन्न फल कैसे होगा ऐसा होगा कि ॐकार द्वारा पर ध्यान से ब्रह्मलोक फल फिर सम्यग्दर्शनोत्पत्ति इस क्रम से मुक्ति होगी । जीवघनः मूर्तिजीवलक्षणोघनो जीवघनः सैंधवखिल्यवत् यःपरमात्मनो जीवरूप खिल्यभावः उपाधिकृतः परश्चविषयेन्द्रियेभ्यः सोत्रजीवघन इति कोई मत से पहिले है ॥

———*◯*———

(दहराधिकरण ॥ ५ ॥)

———————

*अल्पपिण्डात्

दहर उत्तरेभ्यः ॥ १४ ॥

दह्योमब्रह्मास्त्रिकुतःवाक्यशेषगतहेतुभ्यः ॥

जो दहरमें दहराकाश सुना है सोक्या भूताकाश याविज्ञानात्मा यापरमात्मा है। एकमें उपमानोपमेयभाव अयोग्य है तिससे भूताकाश दहर नहीं है काल्पनिक भेद मानना बिना निर्वाहकी रीति है। आकाश और ब्रह्म पर इन दोसे आकाश शब्द दोनों का वाचक है तोक्या भूताकाश दहर या पर है। जो भूताकाश पर है तो उस में अपहत पाप्मादि गुणों का सम्भव नहीं है। श्रुति। एषआत्माअपहतपाप्माविजरोविमृत्युर्विशोकोविजिघत्सोपिपासःसत्यकामःसत्यसङ्कल्पइत्यादि। और ब्रह्मपुर से क्या जीवब्रह्म है उसका पुर है या परब्रह्म का पुर है। जैसे, राजापुर के एक देश में रहिता है तो भी राजपुर कहाता है तैसेही मन उपाधिवाला जीव है। ब्रह्मपुर से ब्रह्ममुख्य है। श्रुति। सएतस्माज्जीवघनात्परात्परंपुरिशयंपुरुषमीक्षतेसवाअयंपुरुषःसर्वासुपूर्षुपुरिशयइत्यादि ॥

भावार्थ। छांदोग्य के अठये अध्याय में सुना है कि देह ईश्वर की प्राप्ति का स्थान है इससे देह ब्रह्मपुर है फिर पुर में छोटा घरसा देह के बीच हृदय में कमल है उसी में दहराकाश है वह आकाश ब्रह्म इन हेतुओं से जाना गया कि जितना आकाश है उतनाही हृदय में आकाश है तिससे दहर ब्रह्म है और न कि व्योम है इन से यह अर्थ लिया है कि अथयदिदमस्मिन्ब्रह्मपुरेदहरंपुण्डरीकंवेश्मदहरोस्मिन्नंतराकाशस्तस्मिन्यदन्तस्तदन्वेष्टव्यंतद्वावविजिज्ञासितव्यंइत्यादि सब्रूयाद्यावान्वाअयमाकाशस्तावानेषोन्तर्हृदयआकाशउभेस्मिंद्यावापृथिवीअन्तरेवसमाहितेइति। दहराकाश उक्तहेतुओं से ई

श्वर है। तद्यथेहकर्मचितोलोकःक्षीयतएवामुत्रपुण्यचितोलोकः क्षीयते। इससे सब कर्मोंका फल अन्तवाला कहिके फिर दहराकाश का अनन्त फल सूचन करा। अथयइहात्मानमनुविद्यव्रजन्त्येतांश्चसत्यान्कामांस्तेषांसर्वेषुलोकेषुकामचारोभवतीति इन उक्त हेतुओं से परमेश्वर दहराकाश है॥

गतिशब्दाभ्यांतथाहिदृष्टंलिङ्गम् ॥ १५ ॥

उक्त हेतुवोंका प्रपञ्च सुनो सोते पर जीव हृदयके आकाश में जाते हैं यह गति कही है और ब्रह्मलोक यह शब्द कहा है इन से प्रकृत दहर कहके फिर जीवों को दहरप्राप्ति कही है यह अर्थ इनसे लिया है। कि इमाःसर्वाःप्रजाअहरहर्गच्छन्त्यएतंब्रह्मलोकन्नविन्दन्तीति। ब्रह्मलोक पद से ब्रह्मही लोक है यही अर्थ समुझना और न कि ब्रह्म का लोक क्योंकि सर्वगत ब्रह्म के लोक का सम्भव न होने से ब्रह्मलोक सुषुप्ति है न कि पद्मासन का लोक सत्यलोकाख्य कार्य ब्रह्मलोकको जीव मरे विना नहीं जासक्ता है॥

आगे के हेतुसे दहर परमेश्वर कहा था वे उनके प्रपञ्च अब करते हैं सुषुप्ति में सब जीव ब्रह्म में जाते हैं। सतासोम्यतदासम्पन्नोभवतीति। जो षष्ठी समास होतो तो ब्रह्मलोक शब्द कमलासन लोक को कहता यहां तो कर्मधारय समाससे ब्रह्मही लोक कहा है क्योंकि सब सत्यलोकको नहीं पहुचि सक्ते हैं॥

धृतेश्चमहिम्नोऽस्यास्मिन्नुपलब्धेः ॥ १६ ॥

सर्वेश्वरादि गुण और सर्व का धारण ईश्वर में सम्भव है नकि जीव में तिससे ब्रह्म दहर है। महिमा, एषसर्वेश्वरएष-

भूताधिपतिरेषलोकपालइत्यादि । धृति अथयआत्मासमेतुर्वि धृतिरेषांलोकानामसंभेदा*येति ॥

अथयआत्मासमेतुर्विधृतिरेषांलोकानामसम्भे*दायेति ॥

प्रसिद्धेश्च ॥ १७ ॥

रूढेश्च ॥

वेद मे दहरात्मा में आकाश शब्द रूढ है और लोक से व्योममें फिर लोकरूढि वेदरूढि से बाधित है और आकाश नामरूपका निर्वाहक है। इससे, आकाशोवैनामनामरूपयो- र्निर्वहितासर्वाणिहवाइमानिभूतान्याकाशादेवसमुत्पद्यन्त इति

इतरपरामर्शात्सइतिचेन्नासम्भ- वात् ॥ १८ ॥

जीव के चिन्हों से भी दहर को जीव नहीं कहि सक्ते हो जीव परामर्श में । श्रुति । अथयएषसम्प्रसादोस्माच्छरीरात्समु- त्थायपरंज्योतिरुपसम्पद्यस्वेनरूपेणाभिनिष्पद्यतइत्यादि । और जीव में कहीं आकाश शब्द नहीं सुना है तिससे दहर ब्रह्म है । इससे, यआत्मापहतपाप्मेत्यादि यआत्मासमेतुर्विधृतिरि ति जीवोदहरपदवाच्योभवितुमर्हति कुत:जीवपरामर्शात् नेदं समीचीनंकुतोयत:जीवोनदहरपदवाच्योभवितुमर्हतिअपहतपा प्मत्वादिगुणशून्यत्वादिति ॥

यदिएषआत्मापहतपाप्मेत्यादि । वाक्य शेष करके ईशका ग्रहण करोगे तो । इतरस्य । जीव का भी वाक्य शेष से प- रामर्श होगा । जैसे । अथयएषसंप्रसादोस्माच्छरीरात्समुत्थाय

*असङ्करा्य ॥

परंज्योतिरूपसंपद्यस्वेनरूपेणाभिनिष्पद्यतेसउत्तमपुरुष इत्यादि एषआत्मेतिहोवाचेति ॥

——*○*——

(अर्चिपुरुषाधिकरण ॥ ६ ॥)

उत्तराच्चेदाविर्भावस्वरूपस्तु ॥ १९ ॥

उत्तरवाक्यात् तुशब्दोनार्थे । कोई पारमार्थिक जैवरूप मानते हैं । दहर विद्या के आगे प्रजापति विद्या में इन्द्रविरोचन प्रजापति के सम्बाद से सुना है कि जो नेत्र में पुरुष दिखाता है सो जीव है और उसकी उपाधि छूटनेसे उस में अमृतादि गुण भी हो सक्ते हैं सो नहीं है क्योंकि प्रजापति वाक्य में तात्पर्य से ब्रह्म स्वरूप कहा है और न कि संसारी स्वरूप । जैसे । ब्रह्मदशा के नहीं प्रगट होने से जाग्रत्स्वप्न सुषुप्तिमान्संसारी कहाता है तैसे ही ब्रह्मदशा प्रकट होने से अपहत पाप्मादिमान् उत्तम पुरुषादि शब्दोंसे कहा है यह निर्दोष है । श्रुति । यएषोचिणिपुरुषोदृश्यतेएषआत्मेतिहोवाचेत्यादि ॥

यआत्मापहतपाप्मा है वही ढूढ़न जानन योग्य है । फिर यएषोचिणिपुरुषोदृश्यतेसआत्मा एतंत्वेवतेभूयोनुव्याख्यास्यामीति यएषस्वप्नेमहीयमानश्चरत्येषआत्मातद्यत्रैतत्सुप्तः समस्तःप्रसन्नःस्वप्नंनविजानात्येषआत्मा । इनसे जीवही कहा है अवस्थाओं के भेद से । एतदमृतमभयमेतद्ब्रह्मेति । अर्थ । उक्त वाक्यों से जीवमें ईश धर्मों का सम्भव है । तिससे । दहरोस्मिन्नन्तराकाश इस वाक्य से जीव कहा है यही कोई कहता है उससे कहा

जाता है कि आविभूतस्वरूपम्स्विति तु शब्द पक्ष व्यावृत्ति के लिये है उत्तर वाक्य से भी यहां जीव की शङ्का का सम्भव नहीं है। आविर्भतंस्वरूपमस्य त्याविर्भतस्वरूपः। अक्षिपुरुष उदशराव में दिखाता है यह शरीरात्मवाद है जीवका पारमार्थिक स्वरूप तत्वमसीत्यादि से है और उपाधि कल्पित नहीं है जौलौ स्थाणु में पुरुष बुद्धि द्वैत लक्षण अविद्याको न दूर करे है तौ लौ कूटस्थनित्य दृक् स्वरूप आत्मा को न जानेगा तावतहो जीव की जीवत्व है। अहंब्रह्मास्मीति। श्रुति सिखाती है कि तू देह इन्द्रिय मनबुद्धिका संघात और संसारी नहीं है किन्तु सत्य चैतन्यमात्र रूप है नासित्वंदेहेन्द्रियमनोबुद्धिसङ्घातोनासिसंसारीकिन्तर्हितद्यत्सत्यंमआत्माचैतन्यमात्रस्वरूपस्तत्त्वमसीति। तब तो नित्यादि स्वरूप आत्मा को जानिके देहाभिमान छाड़ कूटस्थ होता है। सयोहवैतत्परमंब्रह्मवेदब्रह्मैवभवति। वही जीव का शुद्ध रूप है। हेमादिक्षारादि से लोक में शुद्ध होते हैं यह कूटस्थ आपही आप कैसे शुद्ध होता है और नक्षत्रादि सौर से दिन में छिपे रात्रि को स्वरूप से प्रकट होते हैं। तैसे। आत्मचैतन्यनित्यज्योति का किसी से अभिभव संभव नहीं है असङ्ग से व्योम सम है जैसे। शुभ्र स्फटिक में शौक्ल्य विवेक से और उपाधि से नीलिमादि है जब विवेक से नीलादि अलग जाने तब स्फटिक रूप से निष्पन्न हुआ। अशरीर मन्त्र वर्ण से। अशरीरंशरीरेष्विति। शरीरस्थोपिकौंतेय। अनाविर्भूत स्वरूप भी विवेक विज्ञान के अभाव से विवेक विज्ञान से आविर्भूत स्वरूप कहते हैं। नहिखल्वयमेवंसंप्रत्यात्मानंजानात्ययमहमस्मीतिनो एवेमानिभूतानीति। यह सुषुप्ति में विज्ञान के अभाव को

दिखाती है विज्ञाता का निषेध नहीं करती है। विनाशमे-वापीतोभवतिनहिविज्ञातुर्विज्ञातेर्विपरिलोपोविद्यतेऽविनाशित्वादिति । श्रुति । एकएवपरमेश्वरःकूटस्थोनित्योविज्ञानधातुरविद्ययामायया मायाविवदनेकधाविभाव्यतेनान्योविज्ञानधातुरस्तीति ॥

अन्यार्थश्चपरामर्शः ॥ २० ॥

जीवस्यब्रह्मबोधार्थंउपन्यासइत्यर्थः ॥

जो दहरवाक्य के शेष में जीव का परामर्श दिखाया था अथयएषसंप्रसादइत्यादि । सो जीव परामर्शार्थ है और न कि जीव स्वरूप पर्यवसायी है किन्तु परमेश्वर स्वरूप पर्यवसायी है। संप्रसाद शब्द वाच्य जीव जागरितव्यवहार में देह पञ्जर का अध्यक्ष होके जागरित बासनादि सेवता है और स्वप्न में नाड़ीचर होके अनुभव कर थका शरण चाहता है फिर इन दो देह के अभिमानों से उठके सुषुप्ति में आकाश शब्दवाच्य पर ज्योतिर्ब्रह्मको प्राप्त होके फिर जीव ज्ञान छाड़ । परंज्योतिः रूप निष्पन्न होता है इससे अपहतपाप्मादि गुणो उपास्य है इस लिये जीव परामर्श है । भावार्थ । जीव को ब्रह्म जतानेके लिये सम्प्रसन्न कहा है । इससे, यएषसम्प्रसादइति ॥

अल्पश्रुतेरितिचेत्तदुक्तम् ॥ २१ ॥

जीव आराग्रसम है तिससे उस में अल्पत्व सम्भव है सो नहीं है किन्तु श्रुति ने ही अल्पत्व दूर करी है । श्रुति । यावान्वाअयमाकाशस्तावानेषोहृदयआकाशइति । भावार्थ । दहर छोटा है और ब्रह्म बड़ा है तो बड़े के ग्रहण से छोटा छुटि जावेगा सो नहीं है किन्तु उपासना के लिये बालक के

हृदय के तुल्य कहा है अर्भकौकस्त्वादिति इस सूत्र में। इससे, दहरोस्मिन्नंतराकाशइति। यह अधिकरण भी दहर के भीतरही लिखने योग्य था। व्यास जी को॥

(अनुकृत्यधिकरण ॥ ७ ॥)

अनुकृतेस्तस्यच ॥ २२ ॥

तस्यच इससे श्लोक का चौथा पाद सूचित है॥

नतत्रसूर्योभातिनचन्द्रतारकंनेमाविद्युतोभांतिकुतोयमग्निःतमेवभांतमनुभातिसर्वंतस्यभासासर्वमिदंविभातीति। जिसके भान से सबका भान है और जिसके अभान से सब का भान नहीं है वह क्या तेजोधातु और प्राज्ञआत्मा है। तैजस चन्द्र तारकादि तैजस भाभस्कर से भासमानदिनमेंनहीं भासते यह प्रकट है तैसेही सूर्य सहित चन्द्र तारकादि जिस में नहीं भासते हैं सोपि तैजसही है अनुकरण समान स्वभाववाले में देखा है। जैसे। जानेवाले के पीछे जानेवाले को अनुजानेवाला कहते हैं तिससे तेजो धातु है यह मत कहो क्योंकि प्राज्ञआत्माही है कैसे अनुकृतेरनुकरणमनुकृतिः अनुमान प्राज्ञ के मानने से बनाता है। भारूपःसत्यसङ्कल्प इत्यादि श्रुति। और कोई तेजो धातु नहीं जिसके भान से सूर्यादि का अनुभान होवे। दीप दीप के पीछे नहीं भासता है भिन्न स्वभाव में भी अनुकरण है। जैसे। तप्तोयःपिंडअग्न्यानुकृति अग्निदहंतके अनुदहती है भौम रज वायु वहन्तअनुवहती है। अन्यच्च। तद्देवाज्योतिषांज्योतिरायुर्होपासतेमृत

मिति । इससे भी प्राप्त कहा है तेजस्तेजोंतर का प्रतिघातक है । जैसे सूर्यादि की ज्योति सत्तारूपजाति की अभिव्यक्तिका निमित्त है । तैसे । इस सब के नाम रूप क्रिया कारक फल जात की अभिव्यक्तिका निमित्त ब्रह्म ज्योति: सत्ता है । फिर हिरण्मयेपरेकोशेविरजंब्रह्मनिष्कलं तच्छुभ्रंज्योतिषांज्योतिस्तद्यदात्मविदोविदुरिति यतोयदुपलभ्यतेतत्सर्वंब्रह्मणैवज्योतिषोपलभ्यते ब्रह्मतुनान्येनज्योतिषोपलभ्यतेस्वयंज्योतिस्त्वात् येनसूर्यादयस्तस्मिन्भायुः ब्रह्मह्यन्यह्यनक्तिनतुब्रह्मान्येनव्यज्यते आत्मनैवायंज्योतिषास्ते अत्तरह्मोनाहिरत्ह्यतदृति ॥

अपिचस्मर्यते ॥ २३ ॥

नतद्भासयतेसूर्योनशशांकोनपावक इत्यादि स्मृतियोंमें उक्त श्रुतियों का अर्थ दिखाया है तिससे तत्पदार्थ ब्रह्महै ॥

——*—*——

(अङ्गुष्ठमात्राधिकरण ॥ ८ ॥)

——————

शब्दादेवप्रमित: ॥ २४ ॥

कठवल्ली से सुना है कि अंगुठा के समान देह के बीच पुरुष है सो क्या विज्ञानात्मा या परमात्मा है परमात्माअनन्त है तिससे अंगुठामात्र परिमाण नहीं हो सक्ता है और औपाधिक जीव का हो सक्ता है सो नहीं है क्योंकि भूत भावी सब विश्व का ईशान कहिने से ब्रह्म है । इससे । अंगुष्ठमात्र:पुरुषोमध्यआत्मनितिष्ठति तथांगुष्ठमात्र:पुरुषोज्योतिरिव धूमक इत्यादि अन्यत्रधर्मादन्यत्राधर्मादन्यत्रास्मात्कृत कृता-

न्यत्रभूताच्चभव्याच्चयत्तत्पश्यसितद्वदेतिशब्दादेवाभिधानश्रुतेरेवे
शानःपरमेश्वरोस्ति ॥

हृद्यपेक्षयातुमनुष्याधिकारत्वात् २५

सर्वगत ईश का हृदय में स्थान की अपेक्षा से अं-
गुष्ठमात्र कहा है। जैसे। वंश पर्व की अपेक्षा से गगन वि-
तोभर कहा जाता है असुमा तो अतिमात्र ईश अंगुष्ठ मात्र
नहीं हो सकता है ईशान पद से प्रभु को छोड़ और का
ग्रहण योग्य नहीं है शङ्का हर एक प्राणी के हृदय एकसे नहीं
हैं इससे अंगुष्ठमात्र नहीं बनता है। उत्तर, मनुष्याधिकार-
त्वादिति। शास्त्र समान है तो भी उसके अधिकारी मनु-
ष्यही हैं। फिर। शक्तअर्थी अपर्युदस्त उपनीत। इन तीनसे
तीन वर्ण का यज्ञमें अधिकार है शूद्र को नहीं है। शूद्रोयज्ञे
नवक्लृप्त इति। पर्युदाससे। पश्वादि को शास्त्रादि सामग्री न
होने से इन्द्रादि देवों को इन्द्र के निमित्त द्रव्य त्याग के अ-
योग से ऋषियों को आर्षेय वर्ण में ऋष्यन्तर के अभाव से।
मुमुक्षु को चित्त शुद्धिके लिये शमस्नानादि में अधिकार है न
वैदिक कर्म कामोंमें शुद्ध चित्तों को मुक्ति के लिये उपनिषद
के सुन्ने में अधिकार है न वैदिक कर्म में। सुश्रुत से। शूद्र
को भी उपनयनाध्ययन प्राप्त है फिर स्वर्ग सबको इष्ट है तो
मनुष्य जातिको वैदिक कर्ममें अधिकार है इस शङ्का के नि
वर्तन में। वसंतेब्राह्मणोग्नीनादधीतग्रीष्मे राजन्यःशरदिवै
श्यः। इससे तीन को पाया। जो मनुष्यों के लिये शास्त्र है
तो उनके हृदय की अपेक्षा से अंगुष्ठमात्र परमात्माकहा है
जैसे। स आत्मातत्वमसि। इससे संसारी सत् को ब्रह्म कहा
तैसे संसारी सत् अंगुष्ठमात्र को ब्रह्म कहा है। वेदान्तवाक्य

दो प्रकार के हैं कोई परमात्मस्वरूप के निरूपक हैं कोई विज्ञानात्मा के साथ ऐक्य के बोधक हैं तो कोई अंगुष्ठमात्र नहीं है। अंगुष्ठमात्रःपुरुषोन्तरात्मासदाजनानांहृदयेसंनिविष्टः तंस्वाच्छरीरात्प्रवृहेत्मुंजादिवेषीकांधैर्येणतंविद्याच्छुक्रमम्रृतमिति ॥

——*◯*——

(देवताधिकरण ॥ ८ ॥)

तदुपर्य्यपिबादरायणःसम्भवात् ॥ २६ ॥

बाढं। शास्त्र मनुष्यों का है परन्तु मनुष्यों का ही नहीं है। क्योंकि ब्रह्मविज्ञान में नियम नहीं है मनुष्यों से ऊपर देवादि को भी अधिकार है क्योंकि अर्थि आदि अधिकार कारण उनको भी सम्भव हैं विषय का सुख सामय सातिशय अनित्य देख मोक्ष सुख निरामय निरतिशय नित्य जान मुक्ति के अर्थी देव हैं मन्त्र अर्थ वादों से विग्रहवाले हैं तिससे सामर्थ्य भी है उपनयन वेद पढ़ने के लिये है और उनको वेद स्वयंप्रकाशित है। तिससे निषेध भी नहीं है। एकशतंहवैवर्षाणिमघवाप्रजापतौब्रह्मचर्यमुवास भृगुर्वैवारुणिःवरुणांपितरमुपससारअधीहिभगवोब्रह्मेत्यादि। जो कर्ममें अनधिकार के कारण कहे थे उनका विद्या में प्रयोजनहो है। जैसे। इन्द्र को इन्द्र की पूजा के लिये दूसरा इन्द्र नहीं और ऋषि को वरण के लिये दूसरा ऋषि नहीं है। जैसे। भृगु को दूसरा सगोत्र भृगु वरण के लिये नहीं है। विद्या में इन्द्रादि को इन्द्रादि के लिये कछुकर्तव्य नहीं है। तिससे देवादि को ब्रह्म विद्या में अधिकार है इसका कोई बाधक न

हीं है देवों के अंगुष्ठमात्र में कछु विरोध नहीं है ॥

विरोधःकर्मणीतिचेन्नानेकप्रतिपत्ते-र्दर्शनात् ॥ २७ ॥

जो रूपवान देव मानों तो ऋत्विक् की नाई इष्टयकर्म का अङ्ग होना चाहिये तो विरोध है। स्वरूप से इन्द्रादि का यज्ञ में अङ्ग भाव न देखा न सम्भव है बहुत यज्ञों में युगपत् एक इन्द्र के स्वरूप की अनुपपत्ति है यह विरोध नहीं है। क्योंकि एक देव के युगपत् अनेक स्वरूप का संभव है। वैश्वदेव शस्त्र में शस्यमान देव कितने है यह शाकल्यने याज्ञवल्क्य से पूछा तो उसने उत्तर दिया कि निविन्नामशस्य मान देवों की संख्यावाचक शब्द तीन सौ साठि तीन सहस्र संख्या कही है और संख्येय स्वरूप की पृश्न में महिमा। नोविभूतयःसर्वेदेवाएषांत्रयस्त्रिंशद्देवानांत्रतोष्टौवसवःएकादशरुद्राद्वादशादित्याइन्द्रःप्रजापतिश्चेतित्रयस्त्रिंशदेवदेवास्तेपिषसांत्रग्निपृथिवीवायून्तरिक्षादित्यदिवांमहिमानस्तेपिषट्सुदेवेषुग्रन्तर्भवंतीति षट्देवास्त्रिषुलोकेषु त्रयश्च द्वयोरन्नप्राणयोर्द्वौचैकस्मिन्प्राणे हिरण्यगर्भे अन्तर्भवत इति दर्शितमित्यर्थः। कतिदेवाइतिपृष्टेत्रयश्चत्रीचशतात्रयश्चत्रीचसहस्रेतिचनिरूच्यकतमेते। इस पृश्न में। महिमानएवैषामेतेत्रयस्त्रिंशत्त्वेवदेवाः। यह कहती श्रुति एक एक देव के युगपत् बहुरूप के दिखाती है फिर त्रयस्त्रिंशतों को भी षट् आदिमेंअंतर्भावक्रम से कर फिर कतम एक देवइति प्राणइति। सब देवों के प्राणैक रूपता दिखाती है फिर उसी प्राण को युगपत् अनेक रूप दिखाती है। अणिमाद्यैश्वर्यों से योगियों के युगपत्

अनेक शरीर स्मृतियों ने दिखाये हैं। आत्मनोवैशरीराणीति। फिर जो योगी को ऐसी दशा होती है तो आजानसिद्ध देवों का क्या कहिनो चाहिये। एक एक देव अपने को बहुत रूप बनाके युगपत् बहुत यागों में अङ्ग होगा। उसको कोई न देखेगा अन्तर्धान से। कहीं एक भी विग्रहवान् बहुत का युगपत् अङ्ग नहीं हो सकता है। जैसे। एक सेवक बहुत प्रभुओं की सेवा नहीं कर सक्ता है या बहुत घरों में एक युगपत् नहीं खा सक्ता है कहीं एक भी विग्रहवान् बहुत का अङ्ग हो सक्ता है। जैसे। एक राजा या मूर्ति बहुत नमस्कार कर्त्ताओं से नमस्कार किया जाता है। तैसेही विग्रहवती एक देवता को उद्देशकर बहुत अपने२ द्रव्य को युगपत् फेंकते हैं। इससे विग्रहवती देवता है तो भी कुछ कर्म में विरोध नहीं है॥

शब्दइतिचेन्नातःप्रभवात्प्रत्यक्षानुमानाभ्यां॥ २८॥

देही देव मानेसे कर्ममें कछु विरोध नहीं तो भी। शब्दे। अर्थात् वेद में है क्योंकि देहादि के योग से मनुष्य सम जनन मरणादिवाला अनित्य होगा। तो नित्य शब्द का नित्यार्थ के संग नित्य सम्बन्ध से वैदिक शब्द प्रमाण ठहिरा था उसके सङ्ग विरोध होगा। यह नहीं क्योंकि अतःप्रभवात्। वैदिकशब्दों से देवादि सब जग होता है। कैसे वसुरुद्र आदित्य विश्वेदेव मरुत जे अर्थ जन्म हेतु से अनित्य हैं तो इनके वाचक वैदिक शब्द भी अनित्य हैं यह लोक सिद्ध है। जैसे जब चैत्र के पुत्र जन्मा तब उस का नाम मैत्र धरा जाताहै तैसे वैदिकवस्वादिनामधरे गयेहैं द्रव्य गुणकर्मों को

व्यक्ति जन्मती है न आकृति फिर आकृति के सङ्ग शब्द का सम्बन्ध है न व्यक्ति के सङ्ग।

क्योंकि व्यक्तिअनन्त है तिससेसम्बन्धकीसिद्धिसम्भव नहीं है। व्यक्तिजन्म में आकृति का जन्म नहीं। तिससे वुह नित्य है इससेकछु बिरोधनहींहै देवोंकीआकृतिमन्त्रार्थवादसेप्रसिद्ध है और सेनापति के समान इन्द्रादि शब्द स्थान विशेष के वाचक हैं तो जो उस स्थान पर पहुंचा वही इन्द्र है। कैसे जाना कि शब्द से जग जन्मा है। प्रत्यक्षानुमानाभ्यां श्रुतिस्मृतिभ्यां श्रुति स्वतः प्रमाण है स्मृति अपनी प्रामाण्य के लिये श्रुति की अपेक्षा करती है। वे दोनों शब्द से सृष्टि बताती हैं॥ एतदूतिवै। यह मन्त्र वर्ण है अन्यकुन्दोग ब्राह्मण है प्रजापतिर्देवानसृजतासृग्रमितिमनुष्यानिन्दवइतिपितृंस्तिरःपवित्रमितिग्रहानाशवइतिस्तोत्रं विश्वानीतिशस्त्रं अभिसौभगेत्यन्या प्रजाइति श्रुतिः समनसावाचम्मिथुनंसमभवदित्यादि असृग्रं रुधिर मनुष्य इन्दु पितर तिरः पवित्र: ग्रहा आशु गीतिरूप विश्वः शस्त्रा सौभग सर्वत्रसौभाग्ययुक्त जो स्मारक हैं समनसावाचंत्रयींमिथुनंसमभवत्। मन बाणी का मिथुन कर्त्ता था मन से त्रयी प्रकाशित सृष्टि को देखता था। स्मृति अनादिनिधनानित्यावागुत्सृष्टास्वयंभुवा आदौ वेदमयीदिव्यायतःसर्वाःप्रवृत्तयइति। यह सम्प्रदाय प्रवर्त्तक देखा जो अर्थ किया चाहते उसका वाचक शब्द पहिले स्मरण कर फिर उस अर्थ को करते हैं यह तो हम तुम सबको प्रसिद्ध है तैसेही प्रजापत्ति के मन में सृष्टि से पूर्व वैदिक शब्द प्रगट हो गये पीछे से उनके अर्थानुसार सृष्टि सृजी है। श्रुति। सभूरितिव्याहरन् सभूमिमसृजतेत्यादि। कैसे शब्द से सृष्टि सृजी है स्फोट से

वा वर्ण से। वर्ण और ध्वनि से स्फोट अर्थात् अर्थबोधक शब्द पृथग् है उससे जग रची। स्फोटही शब्द का अर्थ है। नेव-र्णाएवतुशब्दइति भगवानुपवर्षः—

ते प्रत्यभिज्ञा से नित्य हैं दो गोशब्द कहे हैं नकि दो गोशब्द हैं उदात्तादि भेद ध्वनि से हैं नकि वर्ण से इससे उदात्तादि सालम्बन हैं अन्यथा निरालम्बन होवेंगे गबुद्धि समस्तवर्ण विषयक है अनेक एक बुद्धि विषय है जैसे सेना बन पंक्ति दशशतादि। यदि समस्त वर्ण एक बुद्धिविषयपद होवे तो जारा राजा कपि पिक इन में पदविशेष की प्रतिपत्ति न हो। चींटी की पंक्ति से वर्णा में भी पदबुद्धि होती है वर्णवादी की कल्पना लघु है स्फोटवादी की दृष्टहान अदृष्टकल्पना गुरु है तिससे नित्य शब्द से देवादिव्यक्तियों का प्रभव है यह अविरुद्ध है॥ भगवानुपवर्ष तो वर्णोंही को शब्द मानते हैं अतिरिक्त उनसे अनुभवमें न आनेसे। ते वर्ण नित्य है जैसे मूंड़ पीछे वेही केश हैं इस प्रत्यभिज्ञा से। अनेक में एक बुद्धि। जैसे पंक्ति बन दशशतसहस्रइत्यादि। तैसे वर्णोंमें है। जैसे क्रमानुरोधिनी पिपीला पंक्ति एक योजनिका है। तैसे वर्ण भी हैं कपिपिकइत्यादी। स्फोट में गौरव वर्ण में लाघव है वर्ण स्फोटके व्यञ्जक स्फोट अर्थका व्यञ्जक है यह गौरव है। ध्वनि पक्ष में भी यही है वर्ण में नहीं है वर्ण पक्ष में सृष्टि होना अनहोना है जात नष्ट होनेसे। तिससे नित्य शब्द से देवादि देह का प्रभव है यह अविरुद्ध है॥

अतएवचनित्यत्वम् ॥ २९ ॥

नियताकृतेर्देवादेर्जगतोवेदशब्दप्रभवत्वात्वेदशब्देनित्यत्वम पप्रत्येतव्यमिति सोऽर्थः यज्ञेनवाचःपदवीमायन्तामन्ववि

न्दनृषिषुप्रविष्टामिति ॥

याज्ञिकों ने पूर्व सुकृत से ऋषियों में स्थित वेद भाषा को पाया था यह मन्त्र वर्णार्थ है वेद ब्रह्मवत् कूटस्थ नित्य नहीं है और न कि मृदादिवत् परिणामी नित्य है किन्तु पारिभाषिक नित्य है ॥

समाननामरूपत्वाच्चावृत्तावप्यविरोधोदर्शनात्स्मृतेश्च ॥ ३० ॥

संसार अनादि है सब व्यवहार स्वापप्रबोधवत् हैं स्वाप में व्यवहार पुरुषांतर में रहिते हैं वे प्रबोधमें होते हैं महाप्रलय में सब व्यवहार के लोप से जन्मान्तरवत् कल्पान्तर में अनुसन्धान अनुचित है ईश्वर को अनुग्रह से मान लो । जैसे । प्राकृत जनों में ज्ञानैश्वर्यादि की तारतम्य है । तैसे देवादि में है लीन भी शक्ति अवशेष होती है अन्यथा आकस्मिक हो जो चराचर को देह के समान देवादि देह भी सन्तत जन्म मरण से अभिधान अभिधेय अभिधातृ अभिधीतिका व्यवहार के अनाश से सम्बन्ध नित्य द्वारा शब्द में विरोध दूर हो सका है जब तो तीनों लोक नाम रूप छाड़ निर्लेप नाश हुये फिर न अन्य होते हैं तब विरोध न दूर हुआ इससे समान नाम रूपत्वादि कहे हैं संसार अनादि है स्वप्न प्रबोध सम प्रलय प्रभव है स्वाप और जागर प्रलय और प्रभव श्रुति से सुने हैं। यदासुप्तःस्वप्नमित्यादितदेनंवाक्सर्वैर्नामभिःसहाप्येतिचक्षुःसर्वैःरूपैःसहाप्येतिश्रोत्रंसर्वैःशब्दैस्सहाप्येतिमनःसर्वैर्ध्यानैःसहाप्येतिसयदाप्रतिबुध्यतेयथाग्नेर्ज्वलतःसर्वादिशोविस्फुलिङ्गाविप्रतिष्ठरन्नेवमेवैतस्मादात्मनःसर्वेप्राणायथायतनंविप्रतिष्ठंतेप्राणेभ्योदेवादेवेभ्योलोकाइति । महाप्रलय में तो ईश्वर की कृपा से

हिरण्यगर्भादि की कल्पान्त का व्यवहार जान पड़ता है प्राकृतों को जन्मान्तर का अनुसंधान नहीं देखते हैं वैसे उनको भी न होता होगा यह मत कहो। स्त्रम्बनरादि में प्राण समान है तो भी ज्ञानका भेद है। तैसे हिरण्यगर्भादिमें ज्ञानैश्वर्यादि की अभिव्यक्ति भूयसी है। श्रुति। योब्रह्माणंविदधातिपूर्वं योवैवेदांश्चप्रहिणोतितस्मैतं हदेवमात्मबुद्धिप्रकाशम्मुमुक्षुर्वैशरणमहं प्रपद्ये इति। जिसने कल्पादि में ब्रह्मा को बनाके उसकी बुद्धि में वेदों को आविर्भाव किया तिस देव को जो महावाक्य से बुद्धि में प्रकाशमान है उस निःश्रेयसरूप को हम पहुंचे इत्यर्थः। स्मरन्तिचशौनकादयोमधुच्छन्दःप्रभृतिभिऋषिभिर्दाशतय्योदृष्टाः इति। अर्थ। ऋग्वेद के दश मण्डल हैं उनकी ऋचः दाशतय्यः कहाती हैं। प्रतिवेदं चैवमेवकाण्डर्ष्यादयः स्मर्यंते और वेदों में भी काण्डसूक्त मन्त्रों के दृष्टा बोधायनादिने कहे हैं। श्रुति। योहवाअविदितार्षेयच्छन्दोदैवताब्राह्मणेन मन्त्रेणयाजयतिवाध्यापयतिवास्थाणुंवर्च्छतिगर्त्तंवाप्रतिपद्यतेतस्मादेतानिमंत्रेमंत्रेविद्यादिति आर्षेय ऋषियोग गायत्र्यादि अग्न्यादि विनियोगय त्तानि स्मृति तेषांये हिंसा॥ जो लीन होता है उस के संस्कार शेष रहते हैं वुही जन्मता है यह न मानो तो आकस्मिकजगजन्मगा। श्रुति। स्वोपादानेलीनकार्यरूपाशक्तिस्तुमहांन्यग्रोधस्तिष्ठतिश्रद्धत्स्वसौम्येति। इससे अविद्या तत्कार्य से अन्य शक्ति नहीं है वही संस्कार है आत्माविद्येवनःशक्तिरितिसिद्धांतःसमाननामरूपत्वाच्चावृत्तावपि महासर्गमहाप्रलयलक्षणायांजगतोभ्युपगम्यमानायांनकश्चिच्छब्दप्रामाण्यादिविरोधः सूर्याचन्द्रमसौधातायथापूर्वमकल्पयत् दिवंचपृथिवींचांतरि

त्समयोरुखरिति । जैसे । सूर्यादि पहिले भ्रमते थे । तैसे । अब भी भ्रमते हैं अग्निर्वाअकामयत अन्नादोदेवानांस्यामितिसएत मग्नयेकृत्तिकाभ्यःपुरोडाशमष्टाकपालंनिरवपदिति । अर्थ । भावीइष्टि से यजमानने अग्नि अन्नाद अग्नि मैं हूं इस कामना से कृत्तिका नक्षत्राभिमानी देवताग्नि के लिये आठ कपाल में हवि: पचनीय धरा था इस नक्षत्रेष्टि में जोअग्निनिरवपत और जिसके लिये निरवपत् है तो दोनोंके समान नाम रूप हैं ऐसी श्रुति उदाहरण यहां है ॥

मध्वादिष्वसम्भवादनधिकारंजैमिनि: ॥ ३१ ॥

जो अधिकार देवोंके ब्रह्म विद्यामें माना था उसको जैमिनिनहींमानताहैक्योंकि मध्वादिष्वसंभवात् कैसेअसौवाव-आदित्योमधु मनुष्यतोआदित्यमेंमधुकाअध्यासकरउपासनाकरसक्तेहैं औरदेवनहींकरसक्ता क्योंकिआदित्यकैसेऔरआदित्यकोउपासनाकरसक्ता है पुनश्चादित्यव्यपाश्रयाणिपञ्चरोहितादीन्यमृतानीत्युपक्रम्यवसवोरुद्राआदित्यामरुत:साध्याश्चपञ्चदेवगणा:क्रमसेतत्तदमृतमुपजीवन्तीत्युपदिश्यसयएतदेवममृतंवेदवसूनामेवैकोभूत्वाग्निनैवमुखेनैतदेवामृतंदृष्ट्वातृप्यन्तीत्यादि जैव स्वादिकोअमृतउपासतेहैं तेउनकीमहिमापातेहैं औरवस्वादिकोनऔरअमृतापजीवीवस्वादिकोजानेऔरकिसअन्यवस्वादिकीमहिमाकोपावे आदिपदार्थ तथाग्नि:पादोवायु:पाद:आदित्य:पादोदिश:पादोवायुर्वासम्वर्गआदित्योब्रह्मेत्यादेशइत्यादितथेमावेवगोतमभरद्वाजावयमेवगोतमोयंभरद्वाजेत्यादि ॥

ज्योतिषिभावाच्च ॥ ३२ ॥

जोज्योतिर्मण्डलद्युस्थानरातिदिनचलतादिखाताहै जग-
कोप्रकाशताहै उसमेंसूर्यचन्द्रशुक्रज्यादिशब्दलोकप्रसिद्धिऔर-
वाक्यशेषसेकहेजातेहैं नज्योतिर्मण्डलकोहृदयादिवाविग्रहचे-
तनताअर्थत्वादिकायोगकहिसक्तेहैं मृदादिकेतुल्यसबअचेतन-
हैं अग्निवायुभूमिजलादिशब्दअचेतनकेवाचकहैं लोकस्वतन्त्रप्र-
माणनहीं अविचारितविशेषप्रमाणप्रत्यक्षादिसेअर्थलोकमेंप्रसि-
द्धहै इतिहासपुराणभीमनुष्यरचितहैं वेभीअपनेमूलश्रुतिकोचा
हतेहैं अर्थवादभीविधिकेसङ्गस्तुतिनिन्दाकेलियेहैं मन्त्रभीअनु-
ष्ठानकालमेंअनुष्ठेयअर्थकेस्मरणकरानेवालेहैं वज्रहस्त:पुरन्दर:स
त्व सोरो ऽरोदीत्यर्थवाद:उक्तदेवोंकोदेहोजतानेमेंपृथग्प्रमाणनहीहैं
पार्थगर्थ्यसेविग्रहहो।हविषां भोगऐश्वर्यं चप्रसन्नताफलप्रदानमित्ये-
तत्पञ्चकं विग्रहादिकमिति तिससेदेवादिकोअधिकारनहीं ॥

भावन्तुवादरायणोस्तिहि ॥ ३३ ॥

तुनापूर्वपक्षोवार्यते ॥

सर्वत्रसबकोअधिकारनहींतोभीजहांजिसकोअधिकारहै त
हांतिसकोउसकीनिवृत्तिनहींहोसक्तीहै जैसेराजसूयादिमेंब्राह्म
णोंकोअधिकारनहीहै तोक्यादर्शादिवाजपेयादिमेंभीउसकोअ
धिकारनहींहै क्योंकिकर्मएकहीहै तैसेमधुविद्यादिमेंदेवोंकोअ
धिकारनहोनेपरभीब्रह्मविद्यामेंउनकोअधिकारहै देवोंकोब्रह्म
विद्याअधिकारसूचकवेदहै तद्योय:इत्यादिविद्यमानवादप्रती-
तिशरणोंसेआश्रयणीयनकिगुणवादआदित्यादिशब्दचेतनावन्त
ऐश्वर्यादियुक्तदेवकोकहतेहैं सुब्रह्मण्यार्थवादमें मेधातिथेर्मेषेति

मेधातिथिंह्वाएकायनमिन्द्रोमेषोभूत्वाजहारेति ज्योतिरादि-
भीयथेष्टएश्वर्य्ययोगसेअनेकविग्रहग्रहणकीसामर्थ्यरखतेहैं मृदा-
दिकेचेतनअधिष्ठाताहैं मृदब्रवीदापोब्रुवन्निति ज्योतिरादिभी-
भूतधातुअचेतनऔरचेतनताअधिष्ठातादेवतासेहैं चित्तमेंआरो
पकेलियेविग्रहहै यस्यैदेवतायैहविर्गृहीतंस्यात्तांमनसाध्यायेद्व
षट्करिष्यन्निति मन्त्रजपसेदेवतानिकटआतावोबोलताहै यो-
गसूत्र स्वाध्यायादिष्टदेवतासंप्रयोगइति योगमाहात्म्यश्रुति पृ-
थिव्याप्यतेजोनिलखेसमुत्थितेपञ्चात्मकेयोग?गुणप्रवृत्ते नतस्य
रोगोनजरानमृत्युःप्राप्तस्ययोगाग्निमयंशरीरमिति अवदेवोका-
विग्रहादिमन्त्रादिसेवोऽर्थित्वादिसेब्रह्मविद्यामेंअधिकारवोक्रम
मुक्तिआदिसबबने ॥ ——*○*——

(शूद्राधिकरण ॥ १० ॥)

शुगस्यतदनादरश्रवणात्तदाद्रवणात्सूच्यतेहि ॥ ३४ ॥

छांदोग्यकेचौथेअध्यायकीसंवर्गविद्यामेंसुनाहै किजानश्रु-
तिनामराजासहस्रगायादिभेंटकेलियेलायाफिरहंसनामऋषि-
नेउसकाअनादरकिया तिससे वहशोकितहोकेरैक्वनामऋषिके-
पासआयाफिरउसउपायनको रैक्वनेदेखाऔरकहाकिहेशूद्रजान
श्रुतेतूजोसहस्रगायादिसामानलायाहै सोजेगायेंलड़िकियांके-
समहैंतूइनकोदेमुजिकोप्रसन्नकरपढ़ाचाहताहै इसरैक्ववाक्यसे
जानागयाकिशूद्रभीविद्याकाअधिकारीहै सोनहींहै क्योंकिशो
कयोगसेरैक्वनेजानश्रुतिकोशूद्रकहाथा औरनकिजातिसे शूद्रश

*धारणयाजितो ? अणिमादि

